

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 262 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 17 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -4 पर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ...

पैरावट में मिले अज्ञात नवजात बच्चा का हुआ शिनाख्त पेज -8 पर

# डीबीएल के पत्थर खदान के लिए देनी होगी सैकड़ों पेड़ों की बलि

## क्षेत्र में धार्मिक महत्व, फलदार, औषधीय व इमारती वृक्ष मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



एक ओर पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकारी कवायद जारी है तो वहीं दूसरी तरफ एक विकास के नाम पर एक ऐसे उद्योग को स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया चल रही है, यदि इसे मंजूरी मिलती है तो उसके लिए सैकड़ों पेड़ों की बलि देनी होगी। जबकि सरकारी नियम इतनी बड़ी संख्या में प्राकृतिक रूप से लगे पेड़ों को काटे जाने से बाधित करता है। सरकारी रिकार्ड के अनुसार आवेदित क्षेत्र में धार्मिक महत्व, फलदार, औषधीय व इमारती प्रजातियों के पेड़ मौजूद हैं। वहीं राजस्व अधिनियम के एक प्रावधान के अनुसार कुछ वृक्षों को काटा जाना प्रतिबंधित है। इन तथ्यों के बावजूद संबंधित कंपनी को एनओसी देने की कवायद फिलहाल जारी है। बता दें कि धरमजयगढ़ क्षेत्र में दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड कंपनी को पत्थर उत्खनन के लिए करीब 10 एकड़ निजी भूमि आबंटित किए जाने के मामले में अब यह बात सामने आई है कि आवेदित क्षेत्र में 5 सौ से अधिक पेड़ मौजूद हैं। सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध रिकार्ड के अवलोकन से भी इस बात की पुष्टि होती है कि आवेदित भूमि पर कई फलदार, औषधीय व इमारती पेड़ लगे हुए हैं। इन पेड़ों में बरगद, नीम, आम, तेंदू, भेलवा, मौहा, चार, हर्रा, सागौन, धौरा, सरई, साजा, आदि प्रजातियों के वृक्ष शामिल हैं। एक विभागीय सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है कि आवेदित क्षेत्र में 5 सौ से अधिक पेड़ों की गणना की गई है। इसके अलावा हमने भी उस जगह का मुआयना किया जिसमें सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार ही सैकड़ों वृक्ष प्राकृतिक रूप से लगे हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि इस पत्थर खदान के लिए सैकड़ों पेडों को काटकर वहां पर विकास कार्य के लिए पत्थर उत्खनन किया जाएगा। इसके पहले इसी आवेदित क्षेत्र के लिए अवैध सड़क बनाने के मामले में धरमजयगढ़ एसडीएम ने कहा था कि डीबीएल को नोटिस जारी किया जाएगा। हालांकि, जांच के नाम पर नोटिस जारी करने की कार्यप्रणाली को लेकर अधिक व्याख्या की जरूरत नहीं है। तो कुल मिलाकर इस पत्थर खदान के लिए मौके पर लगे सैकड़ों पेडों को काटा जाना है जबकि अधिनियम इतनी बड़ी संख्या में और कुछ संरक्षित प्रजाति के पेड़ों को काटे जाने को वर्जित करता है। ऐसे में आगे यह देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाले इस मामले में आगे किस तरह की कार्यवाही को अंजाम देते हैं। यह भी कि विशेष परिस्थितियों का हवाला देकर सरकारी नियमों को शिथिल करने का इतिहास काफी पुराना रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर




लगातार...

लैब टेस्ट में मटेरियल घातक, पढ़िए होश उड़ाने वाला खुलासा

# 'माणिकचंद' और 'सितार गुटखा' का काला कारोबार, आधी-आधी रात रेकी, फिर छापा

रायपुर। रायपुर खाद्य विभाग की जांच टीम ने होश उड़ाने वाला खुलासा किया है. नकली माणिकचंद और सितार गुटखे का काला कारोबार का कच्चा चिट्ठा खोला है. जांच रिपोर्ट में बड़ी मात्रा में जिस गुटखा को पकड़ा गया था, वह जानलेवा साबित हुआ है.




खाद्य विभाग के मुताबिक यहीं आउटर की फैक्ट्री में बनाकर पूरे छत्तीसगढ़ में बेचा जा रहा था. मौत का सामान हर गली कस्बे में पहुंचाया जा रहा था. इस पर खाद्य विभाग की जांच टीम ने होश उड़ाने वाला खुलासा किया है. मौत के सौदागर ने एक सीक्रेट फैक्ट्री खोलकर रखा था, जिसका भंडाफोड़ हो गया. वहीं नशे का सौदागर फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

दरअसल, मंदिर हसौद की अवैध फैक्ट्री में बनाए जा रहे नकली माणिकचंद और सितार गुटखा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में अनसेफ यानी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक निकला है. यह जानलेवा गुटखा पिछले एक साल से छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था. 31 मई की रात खाद्य विभाग की टीम ने फैक्ट्री पर छापा मारकर एक करोड़ से अधिक का गुटखा और कच्चा माल जब्त किया था. अगले दिन 1 जून को गुटखा और कच्चे माल का नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया. जांच के दौरान गुटखा के साथ-साथ गुटखा बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल यानी सुपारी, कत्था, एसेंस और मैग्नीशियम कार्बोनेट का मिश्रण स्वास्थ्य के लिए घातक निकला है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट मिलने के बाद अब खाद्य विभाग ने 31 मई से लापता फैक्ट्री संचालक गुरमुख जुमनानी की तलाश तेज कर दी है. खाद्य विभाग के अधिकारियों को एक संदिग्ध ट्रक का नंबर मिला है. उसी से पूरे प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी गुटखा सप्लाई किया जाता था। ट्रक के मालिक का पता लगाने के लिए आरटीओ को पत्र लिखा गया है. इसके अलावा जिस स्थान पर फैक्ट्री चल रही थी, उसके मालिक का पता लगाने के लिए रजिस्ट्री विभाग से खसरा नंबर के आधार पर जानकारी मांगी गई है. रजिस्ट्री और वाहन नंबर के आधार पर जमीन के मालिक और ट्रक संचालक का पता चल जाएगा।

जब खाद्य विभाग की टीम को अवैध फैक्ट्री की भनक लगी तो अधिकारियों की टीम ने जांच शुरू कर दी. फैक्ट्री में सिर्फ रात को काम होता था. इसलिए 15 दिन तक आधी रात को रेकी की गई. इसके बाद 31 मई की रात छापेमारी की गयी. उस वक्त वहां 70 मजदूर पैकिंग कर रहे थे।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की दी बधाई और शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि हरेली तिहार सभी के लिए खुशियां और समृद्धि लेकर आए। अपने शुभकामना संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति यहां के उत्सवों में प्रमुखता से दिखाई देती है। छत्तीसगढ़ का लोक तिहार हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है।

# किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे पहले वो तय कर लें, 2023 में बनेगी बीजेपी की सरकार-बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सियासत गरमाई हुई है. राजनीतिक पार्टियां आमने-सामने है और चुनाव को लेकर एक दूसरे को चैलेंज कर रही है. नव नियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने बयान में कहा कि हम सीएम भूपेश बघेल के चेहरे पर चुनाव लडेंगे, भाजपा में दम है तो प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़कर दिखाएं



उनके इस बयान पर पूर्व मंत्री और विधायक बृजमोहन अग्रवाल का पलटवार किया है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनेगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भूपेश बघेल के चेहरे को नकारा, प्रभारी कुमारी शैलजा और टीएस सिंहदेव ने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही थी. पहले वो ये तय कर लें. दीपक बैज को नए प्रदेश अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं. ये पहले छत्तीसगढ़ की बात करें फिर प्रधानमंत्री की बात करें.

कांग्रेस कार्यकर्ताओ के 18 घंटे काम करने के सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पिछले साढ़े 4 साल से ये आराम कर रहे थे. अब ये लोग अपनी जेब भरने में लगे हैं. आने वाले 5 सालों में ये फिर आराम करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लोक कलाकारों से मुलाकात करने के सवाल पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि लोक कलाकार भूखे मर रहे हैं, उन्हें काम नहीं मिल रहा.किसी तरह का पेंशन नहीं मिल रहा है. जिनके पेट में अन्न का दाना नहीं, उनकी आग इन्हे भस्म करेगी.

केंद्रीय मंत्री मंडाविया के दौरे पर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा. 2023 में छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनेगी. 2024 में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनेगी. बीजेपी के आरोप पत्र को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस भ्रष्टाचार, अन्याय, समेत अनेक मामलों को लेकर जनता के बीच जाएंगे, जनता के बीच साबित करेंगे.

# वरिष्ठों के खिलाफ नहीं सुनेंगे कोई शिकायत



**रायपुर** । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद दीपक बैज रविवार को पार्टी प्रवक्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सीनियर नेताओं के खिलाफ शिकवा-शिकायतें किसी भी दशा में न करें। वो खुद भी इस तरह की शिकायतें नहीं सुनेंगे। बैज ने कहा कि संगठन, और सरकार में किसी तरह का कोई मतभेद है, ऐसा मैसेज नहीं जाना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष, और सांसद बैज आज राजीव भवन में पार्टी प्रवक्ताओं, और मीडिया पैनलिस्ट से रूबरू हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी से परिचय लिया। इसके बाद कामकाज पर चर्चा हुई। यह बात उभरकर सामने आई, कि नियमित होने वाली जूम मीटिंग पिछले कुछ समय से बंद है। इस पर बैज ने कहा कि चुनाव आ चुके हैं। इसलिए प्रवक्ताओं की रोज बैठक होनी चाहिए।

सांसद बैज ने आगे कहा कि प्रवक्ता पूरी तैयारी के साथ ही टीवी डिबेट में जाएं। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों की कम जानकारी है या नहीं है, ऐसे डिबेट में हिस्सा न ले।

# प्रिंट रेट से अधिक दाम में धड़ल्ले से बेची जा रही शराब

## मदिरा प्रेमियों में खासा आक्रोश,

**रायपुर।** शराब दुकानों से ओवररेटिंग का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो अभनपुर देसी शराब दुकान का बताया रहा है. जहां मदिरा प्रेमियों की शिकायत है कि 110 रुपए की शराब को 120-140 रुपए में बेचा जा रहा है। शराब दुकानों से ओवररेटिंग का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो अभनपुर देसी शराब दुकान का बताया रहा है. जहां मदिरा प्रेमियों की शिकायत है कि 110 रुपए की शराब को 120-140 रुपए में बेचा जा रहा है। शराब की ओवर रेटिंग कर्मचारी ही करते हैं. भट्ठियों के कर्मचारी मनमानी तरीके से शराब अपनी तय कीमत से ज्यादा में बेचते हैं. शराब की ओवर रेटिंग ज्यादातर देसी शराब दुकानों में की जाती है. बताया जा रहा है कि जिले से लगी आउटर की भट्ठियों में 10 से 30 रुपए तक ज्यादा लिए जाते हैं. वहीं मिलीभगत का सवाल तब खड़ा होता है, जब अधिकारी शिकायत के बाद भी दुकान के कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करते. मदिरा प्रेमियों का कहना है कि ओवर रेटिंग के मामले में कोई कड़ी कार्रवाई न होने के कारण बियर में भी ओवर रेटिंग का खेल शुरु हो गया है।




# हरेली के मौके पर हर घर कम से कम एक पौधा लगाने मुख्यमंत्री की अपील

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरेली तिहार के मौके पर प्रदेशवासियों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की है। साथ ही पौधरोपण को लेकर जागरूकता बढ़ाने प्रदेश के नागरिकों से पौधरोपण करते हुए अपनी फोटो सोशल मिडिया में अपलोड करने का आग्रह भी किया है। मुख्यमंत्री ने अपने अपील में कहा है कि न केवल लोग हरीतिमा बढ़ाने अपने घरों में पौधे लगाएं अपितु लोगों को भी इसके लिए चैलेंज दें और उन्हें भी कहें कि पौधरोपण करते हुए अपनी फोटो सोशल मिडिया में अपलोड करें। इसके लिए प्रदेश में हरीतिमा का दायरा बढ़ाने प्रदेश के सभी गांवों में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को अपने घरों में रोपने पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दिये हैं। पीसीसीएफ श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय की मंशा है कि प्रदेश में हरीतिमा का दायरा बढ़े। पर्यावरण को सहेजने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता भी लें। जो लोग पर्यावरण को सहेजने अपने घर में पौधा लगाना चाहते हैं। उन्हें वन विभाग की ओर से पौधा उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं इसके अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र में सभी इच्छुक ग्रामीणों को पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।





,प्रदेश के हर गांव में पौधरोपण के इच्छुक लोगों को वन विभाग से दिये जाएंगे पौधे

प्रदेश को हरा-भरा बनाने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीणों को पौधे उपलब्ध कराने दिये निर्देश

इच्छुक लोगों को नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे पौधे

## छत्तीगढ़ कांग्रेस संगठन में हो सकता है बदलाव

# सुधार करने की बात रहेगी तो करेंगे, मुझे 60 दिन में 90 विधानसभा पहुंचना है- दीपक बैज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बदलाव हो सकता है। इस बात के संकेत नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दिए हैं। बैज ने कहा है कि मेरी व्यक्तिगत कोई टीम नहीं है। कांग्रेस की टीम है, मोहन मरकाम ने अच्छी टीम बनाई है। थोड़ी बहुत आंशिक संशोधन(सुधार) करने की बात रहेगी तो उसे करेंगे। आलाकमान को विश्वास में लेकर, सीएम साहब को विश्वास में लेते हुए और तमाम हमारे वरिष्ठ नेताओं को भरोसे में लेकर काम करेंगे।

उधर, जब मीडिया कर्मियों ने पूछा कि आपके पास समय कम है, इस पर बैज ने कहा-जितना समय है, काम करने वाले के लिए, इतना भी काफी है। मेरे पास 60 दिन है और हमें 90 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचना है। संगठन को हम लोगों को रिचार्ज करना है, कार्यकर्ताओं को बूस्ट करना है।




उन्होंने कहा-हमारा संगठन जैसे ही सरकार बनी, पिछले 5 सालों में अपना काम करता रहा है। बूथ लेवल से लेकर प्रदेश स्तर तक हमारा कांग्रेस संगठन मुस्तैद है। कार्यकर्ता तैयार हैं, सिर्फ उनको इशारा करने की आवश्यकता है। हम मैदान-ए-जंग के लिए तैयार हैं।

### प्रदेश कार्यालय में बैठक

कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज रविवार की छुट्टी के दिन ही प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान बैज ने कहा कि आज कार्यालय में कर्मचारी रेस्ट के मूड में रहते हैं, लेकिन मैंने निवेदन किया कि हम कुछ बैठक लेंगे। मीडिया विभाग के अलावा आज हम महिला कांग्रेस, हस्ड्ढ और प्रदेश के अलग-अलग पदाधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। उनके दल किस तरह से चल रहे हैं, उसे कैसे गति देनी है, इस पर बातचीत की जाएगी।



### चेहरा होंगे सीएम बघेल

चुनाव में चेहरा कौन होगा पूछे जाने पर बैज ने कहा-हमारे पास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा है, कांग्रेस में सभी स्टार चेहरे हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के 15 साल सरकार में रहने के बाद भी उनके पास चेहरा नहीं है। वो दिया लेकर खोज रहे हैं, मगर चेहरा नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं कह रहा हूं लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं, हम तो कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री के चेहरे भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़े, क्योंकि हमारी सरकार ने बेहतर काम किया है। इसलिए हम लोगों को जनता के बीच में जाने के लिए कहीं कोई दिक्कत नहीं है ।

# खेती किसानी से जुड़ा प्रदेश का परम्पराागत पर्व हरेली

छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है । ग्रामीण क्षेत्रों में यह त्यौहार परंपरागत् रूप से उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन किसान खेती-किसानी में उपयोग आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं गांव में बच्चे और युवा गेड़ी का आनंद लेते हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर लोक महत्व के इस पर्व पर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोक पर्वों की महत्ता भी बढ़ गई है।

लोक संस्कृति इस पर्व में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की भी शुरूआत की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के परंपरागत तीज-त्यौहार, बोली-भाखा, खान-पान, ग्रामीण खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री की पहल पर राज्य शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने लोगों तक गेड़ी की उपलब्धता के लिए जिला मुख्यालयों में स्थित सी-मार्ट में किफायती दर में गेड़ी बिक्री के लिए व्यवस्था की है। परंपरा के अनुसार वर्षों से छत्तीसगढ़ के गांव में अक्सर हरेली तिहार के पहले बढ़ई के घर में गेड़ी का ऑर्डर रहता था और बच्चों की जिद पर अभिभावक जैसे-तैसे गेड़ी भी बनाया करते थे।

वन विभाग के सहयोग से सी-मार्ट में गेड़ी किफायती दर पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चे, युवा गेड़ी चढ़ने का अधिक से अधिक आनंद ले सके।

मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष शुरू की गई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को काफी लोकप्रियता मिली। इसको देखते हुए इस बार हरेली तिहार के दिन शुरू होने वाली छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 को और भी रोमांचक बनाने के लिए एकल श्रेणी में दो नए खेल रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी शामिल किया गया है। हरेली पर्व के दिन से ही प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल की शुरूआत भी होने जा रही है, जो सितंबर के अंतिम सप्ताह तक जारी रहेगा। हरेली पर्व के दिन पशुधन के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधियुक्त आटे की लोंदी खिलाई जाती है। गांव में यादव समाज के लोग वनांचल जाकर कंदमूल लाकर हरेली के दिन किसानों को पशुओं के लिए वनौषधि उपलब्ध कराते हैं। गांव के सहाड़ादेव अथवा ठाकुरदेव के पास यादव समाज के लोग जंगल से लाई गई जड़ी-बूटी उबाल कर किसानों को देते हैं। इसके बदले किसानों द्वारा चावल, दाल आदि उपहार में देने की परंपरा रही हैं।




**हरेली तिहार के दिन शुरू होने वाली छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 को और भी रोमांचक बनाने के लिए एकल श्रेणी में दो नए खेल रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी शामिल किया गया है।**

सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को हरेली पर्व मनाया जाता है। हरेली का आशय हरियाली ही है। वर्षा ऋतु में धरती हरा चादर ओढ़ लेती है। वातावरण चारों ओर हरा-भरा नजर आने लगता है। हरेली पर्व आते तक खरीफ फसल आदि की खेती-किसानी का कार्य लगभग हो जाता है। माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं। कृषि औजारों को धोकर, धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल, गुड़ का चीला भोग लगाया जाता है। गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और उनको नारियल अर्पण किया जाता है।

हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है। परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते है। गेड़ी बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबर दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फाड़कर उन्हें दो भागों में बांटा जाता है। उसे नारियल रस्सी से बांधकर दो पउआ बनाया जाता है। यह पउआ असल में पैर दान होता है जिसे लंबाई में पहले कांटे गए दो बांसों में लगाई गई कील के ऊपर बांध दिया जाता है। गेड़ी पर चलते समय रच-रच की ध्वनि निकलती हैं, जो वातावरण को और आनंददायक बना देती है। इसलिए किसान भाई इस दिन



पशुधन आदि को नहला-धुला कर पूजा करते हैं। गेहूं आटे को गूंथ कर गोल-गोल बनाकर अरंडी या खम्हार पेड़ के पत्ते में लपेटकर गोधन को औषधि खिलाते हैं। ताकि गोधन को विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। गांव में पौनी-पसारी जैसे राऊत व बैगा हर घर के दरवाजे पर नीम की डाली खोंचते हैं। गांव में लोहार अनिष्ट की आशंका को दूर करने के लिए चौखट में कील लगाते हैं। यह परम्परा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान है।

\- धनंजय राठौर, छगन

## संपादकीय

### इंसाफ का नया अंदाज

न्यायपालिका के इंसाफ करने के नए अंदाज से एक तरफ सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरी तरफ अन्य पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है? हाल के वर्षों में देश में इंसाफ का एक नया अंदाज देखने को मिला है। अंदाज यह है कि अगर मामला भारत सरकार या सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा हो, तो कोर्ट का फैसला कुछ ऐसा होता है, जिससे सत्ता पक्ष को ज्यादा परेशानी ना हो।

मसलन, अगर किसी मामले में कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचता है कि उसमें संवैधानिक प्रावधानों/ भावना या न्यायिक निर्देशों का उल्लंघन किया गया है, तो अदालत यह बात दो टूक कहेगी, लेकिन साथ ही उस उल्लंघन के परिणाम को रद्द नहीं करेगी। इस तरह सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरे पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है? इस रुझान की ताजा मिसाल प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के कार्यकाल को बार-बार बढ़ाए जाने के मामले में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट इसे अवैध ठहराया। लेकिन साथ ही इस रुझान के लाभार्थी को तुरंत पद मुक्त करने का निर्देश नहीं दिया। जबकि अपेक्षित यह था कि अवैधानिक कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाती और साथ ही सेवा-विस्तार के दौर में ईडी द्वारा लिए गए फैसलों को अगर रद्द नहीं, तो कम से कम पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश कोर्ट देता।

## ऑनलाइन दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर ठगी के उपाय, बचने के लिए करने होंगे ठोस उपाय

यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाए गए हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक व्यवहार ऑनलाइन किए जा रहे हैं।

मोबाइल फोन एवं लेपटॉप पर इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में इस तरह के आर्थिक व्यवहार किए जा रहे हैं। कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है। हालांकि इंटरनेट के माध्यम से देश विदेश के नागरिक एक दूसरे से सफलतापूर्वक बहुत आसानी से जुड़ पाते हैं परंतु जरा-सी असावधानी बहुत भारी नुक्सान का कारण भी बन जाती है। साइबर ठग इसी असावधानी का फायदा उठाकर आम नागरिकों को नुक्सान पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। साइबर ठगी में कुछ असामाजिक तत्व आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर कुछ विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर आम नागरिकों के मोबाइल



*ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है।*

फोन एवं लेपटॉप से व्यक्ति विशेष के समस्त प्रकार के निजी डाटा, बैंक सम्बंधी जानकारी, आदि को चुरा लेते हैं और इस जानकारी का उपयोग कर साइबर ठगी को पूर्ण करते हैं। साइबर ठगी इतनी सफाई से की जाती है कि कुछ लोगों को तो पता ही नहीं चलता कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यह सब साइबर ठगी के प्रति जागरूक न होने के चलता ही सम्भव हो पाता है। साइबर ठगी का शिकार अक्सर महिलाएं होती पाई जाती हैं। भारत की लगभग एक तिहाई महिलाएं किसी न किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं एवं इनमें से केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही इस सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि लगभग 47 प्रतिशत महिलाओं ने इस सम्बंध में कोई शिकायत दर्ज ही नहीं कराई है। साथ ही, लगभग 18 प्रतिशत महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्हें पता ही नहीं चला है कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यहां भी जानकारी का अभाव अधिक नजर आता है, क्योंकि आम नागरिकों को पता ही नहीं है कि उनके साथ साइबर ठगी होने के बाद उन्हें कहां एवं किस प्रकार शिकायत दर्ज कराना है। आम नागरिकों के जागरूक नहीं रहने के चलते भारत में साइबर ठगी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। वैश्विक स्तर पर जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 में साइबर ठगी के कुल 800,944 मामले दर्ज किए गए थे, इसमें लगभग 42.2 करोड़ नागरिक प्रभावित हुए थे तथा इन मामलों में 6 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि शामिल थी।

ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, साइबर ठगी से साइबर ठगों को प्रति वर्ष 1.50 लाख करोड़ रुपए की कमाई होती है और प्रतिवर्ष लगभग 43 प्रतिशत साइबर ठगी के हमले छोटे व्यवसाईयों पर होते हैं। यह सही है कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में, विशेष रूप से महानगरों में, आम नागरिकों का इंटरनेट के बगैर गुजारा करना बहुत मुश्किल है।

प्रह्लाद सबनानी

## मिला जुला

### एक नजर

#### भीषण गर्मी से बेहाल हुआ अमेरिका और यूरोप, लू ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड



भीषण गर्मी से बेहाल हुआ अमेरिका और यूरोप, लू ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड; इटली ने जारी किया अलर्ट भीषण गर्मी से बेहाल हुआ अमेरिका और यूरोप, लू ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड (फोटो एपी और रायटर)

लॉस एंजिल्स, एजेंसी। एक ओर भारत में लगातार बारिश ने तेज गर्मी से राहत के साथ ही बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं, वहीं दूसरी ओर अमेरिका और यूरोप में लोग गर्मी से बेहाल हैं। अमेरिका में करीब 11 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं।

#### अमेरिका में भीषण गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड

अमेरिका में पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों में गर्मी का सितम जारी है। अनुमान है कि आने वाले समय में यह सारे रिकार्ड तोड़ देगी। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान में कहा गया है कि कैलिफोर्निया, नेवादा, एरिजोना, टेक्सास, फ्लोरिडा आदि में रविवार को 45 डिग्री तक तापमान जाने के आसार हैं।

#### आने वाले हफ्ते में बढ़ेगा तापमान

आने वाले हफ्ते में एरिजोना और नेवादा के कुछ इलाकों में तापमान 54.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। फीनिक्स और लॉस वेगास में अबतक दर्ज सभी रिकार्ड टूटने के आसार जाहिर किए गए हैं। यूरोप में भी गर्मी का कहर जारी है।

## विपक्षी एकजुटता के जवाब में एनडीए का महाजुटान

### 18 जुलाई को दिल्ली से बेंगलुरु तक बैठक

**नई दिल्ली।** 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्ष की दूसरी बैठक होने वाली है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने भी 18 जुलाई को दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक बुलाई है। इसमें उसने अपने पुराने और नए सहयोगियों को आमंत्रित किया है। सूत्रों ने कहा कि अब तक 19 दलों ने एनडीए बैठक में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए सहयोगियों को पत्र भेजा है। इनमें अजीत पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट और जीतन राम मांझी के हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा जैसे नए सहयोगी शामिल हैं।

एनडीए की बैठक संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से ठीक दो दिन पहले हो रही है। सूत्रों ने कहा कि इस बैठक में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एनडीए सहयोगियों के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की जाएगी।

एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। इसे सत्तारूढ़ गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान यह पहली बार है कि इस पैमाने की एनडीए बैठक हो रही है।



#### एनडीए की बैठक में कौन-कौन?

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के अलावा एनडीए की बैठक में भाग लेने वालों में बिहार के कई छोटे दलों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के कई सत्तारूढ़ सहयोगी भी शामिल हैं। इनमें चिराग पासवान के नेतृत्व वाली एलजेपी (रामविलास), उपेन्द्र कुशवाह की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाली अपना दल (सोनेलाल), हरियाणा से जेजेपी, पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना शामिल हैं। इसके अलावा, एआईएडीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस और भारत मक्कल कालवी मुनेत्र कड़गम जैसे दल भी आएंगे। झारखंड से ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू), मेघालय से कॉनराड संगमा की एनसीपी, नागालैंड से एनडीपीपी, सिक्किम से एसकेएफ, जोरमथांगा की मिजो नेशनल फ्रंट और असम से एजीपी को भी बुलाया गया है।

### अमित शाह बोले- यूपी में मजबूती मिलेगी

## ओमप्रकाश राजभर की पार्टी सुभासपा भी एनडीए में शामिल

**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष को एक और बड़ा झटका लगा है. यूपी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर एक बार फिर एनडीए में शामिल हो गए हैं. उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है. उसके बाद गठबंधन में शामिल होने का ऐलान किया गया है.

अमित शाह ने ट्वीट किया और कहा- ओम प्रकाश राजभर से दिल्ली में भेंट हुई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले हृष्ठ गठबंधन में आने का निर्णय लिया. मैं उनका हृष्ठ परिवार में स्वागत करता हूं. राजभर जी के आने से उत्तर प्रदेश में एनडीए को मजबूती मिलेगी और मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए द्वारा गरीबों और वंचितों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों को और बल मिलेगा.



#### राजभर बोले- 2024 में एक साथ लड़ेंगे चुनाव

सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने एनडीए गठबंधन में शामिल होने पर बयान दिया है. उन्होंने कहा, हमने 14 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और विभिन्न मसलों पर चर्चा की. 2024 का चुनाव एक साथ लड़ने का फैसला किया. हमें साथ लेने के लिए पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहते हैं.

#### बेटे को गाजीपुर उपचुनाव लड़वाने की तैयारी

सूत्रों के मुताबिक, ओम प्रकाश राजभर ने एनडीए में आने से पहले बड़ा प्लान तैयार किया है. वे अपने बेटे अरुण राजभर को सुभासपा के टिकट पर गाजीपुर सीट से उप चुनाव लड़वाना चाहते हैं. यहां बीजेपी उन्हें समर्थन दे सकती है.

#### दिल्ली बड़े नेताओं से की मुलाकात

बता दें कि इन दिनों यूपी के सियासी गलियारों में ओपी राजभर को लेकर काफी चर्चाएं चल रही थीं. माना जा रहा था कि वो जल्द ही भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं. अमित शाह से मुलाकात से पहले ओपी राजभर ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के अन्य बड़े नेताओं के साथ मुलाकात की है.

### अमेरिका के अलास्का में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 7.4 तीव्रता

अमेरिकी राज्य अलास्का में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 रही। अमेरिका के सुनामी वॉर्निंग सिस्टम ने भी अलर्ट जारी किया था। हालांकि, बाद में इसे रद्द कर दिया गया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 9.3 किमी की गहराई पर था। अलास्का में भूकंप का एक वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें अलास्का के एक घर में भूकंप का असर देखा जा सकता है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम मोदी की तारीफ में क्या कहा?

## 'इसलिए नहीं कह रहा क्योंकि वह प्रधानमंत्री हैं...'

**नई दिल्ली।** बैंकॉक में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में असाधारण बात यह है कि वह कई चीजों को नीतियों और कार्यक्रमों में बदल देते हैं।

एक राजनयिक से राजनेता बनने तक की अपनी यात्रा पर, जयशंकर ने कहा कि एक राजनयिक के रूप में पीएम मोदी ने हमेशा राजनेताओं के साथ काम किया, लेकिन बिना किसी सप्ताहांत के राजनीति की 24×7 दुनिया में प्रवेश करना अलग है।



#### पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का सौभाग्य

जयशंकर ने कहा कि 'मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति मिलना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है और मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह आज के प्रधानमंत्री हैं और मैं उनके मंत्रिमंडल का सदस्य हूं। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती होती है, तो केवल वही व्यक्ति जो इतना जमीन से जुड़ा हो, कह सकता है कि ठीक है, स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है, लेकिन घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा; आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे; आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे? यह विचार बहुत से लोगों के मन में नहीं होगा कि महिलाएं पैसे का बेहतर प्रबंधन करेंगी।

#### अच्छे नेता जमीन से जुड़े होते हैं

जयशंकर ने कहा, 'अच्छे नेता वे लोग होते हैं जो बहुत जमीन से जुड़े होते हैं, बहुत अनुभवी होते हैं और जो हो रहा है उसके प्रति बहुत अनुभवी होते हैं लेकिन साथ ही उनमें देश को एक अलग स्तर पर ले जाने का जुनून भी होता है। बहुत जमीन से जुड़े हुए और बहुत दूरदर्शी और ऐसे लोग जीवन में एक बार आते हैं।'

### कांग्रेस से खराब हो रहे दोनों के संबंध

## ममता और केजरीवाल पर निर्भर विपक्षी एकता का भविष्य

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों की लामबंदी तेज होती दिख रही है। पटना की बैठक के बाद अब विपक्षी दलों का बेंगलुरु में महाजुटान होने वाला है। इसी दिन यानी 18 जुलाई को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक होने वाली है। एनडीए खेमे में होने वाले हर हलचल पर विपक्ष खासकर कांग्रेस की पैनी नजर है। ऐसा इसलिए कि, भाजपा एनडीए में शामिल करने के लिए नए साथियों की



तलाश कर रही है। चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और ओपी राजभर ने एनडीए में शामिल होने का ऐलान कर दिया है। 15 जुलाई को सोनिया गांधी की अध्यक्षता में संसद की रणनीति बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था, 'हम कई मुद्दों पर सरकार का सामना करेंगे। उनमें से एक संघीय ढांचे को नष्ट करने का उनका प्रयास भी है।' कांग्रेस का यह बया इसलिए भी अहम है क्योंकि अध्यादेश के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन करेगी या नहीं, इसको लेकर अभी तक पार्टी ने कोई फैसला नहीं किया है।

## सीएम शिंदे पर गंभीर आरोप लगाने के बाद बढ़ीं संजय राउत की मुश्किलें, पुलिस ने भेजा नोटिस

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत को नोटिस जारी किया है. इसके साथ ही उनसे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय के संबंध में अपने आरोपों से संबंधित सबूत पेश करने को कहा है. अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा कि हमने संजय राउत को नोटिस जारी किया है और उनसे मुख्यमंत्री कार्यालय के संबंध में लगाए गए आरोपों पर सबूत जमा करने को कहा है.



# कृषि आदान विक्रय केन्द्रों में निरीक्षण दल की छापेमारी

## अनियमितता पर तीन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध हो सके इस उद्देश्य से कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को अनुविभागीय कृषि अधिकारी, बलौदा बाजार जय इंद्र कंवर के अगुवाई में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा भाटापारा के कीटनाशक, उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों में छापेमारी की कार्यवाही की गई। इस दौरान किक्रय केन्द्रों के समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, अनुज्ञप्ति पत्र प्रतिस्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उत्पाद आदि का अवलोकन किया गया। तीन प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाए जाने पर कारण नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब मांगा गया है। भाटापारा के विनय इंटरप्राइजेस के निरीक्षण में विक्रय केंद्र में स्त्रोत प्रमाण पत्र, स्कंध पंजी, उपलब्ध स्कंध तथा मूल्य सूची नहीं पाया गया। कृषकों को दिए जा रहे बिल में कीटनाशक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं था। इसी प्रकार लखन जानकी पेस्टीसाइड, हटरी बाजार, भाटापारा में भी निरीक्षण के दौरान स्कंध पंजी तथा निर्धारित प्रारूप में बिल बुक नहीं पाया गया। कृषकों को दिए जा रहे बिल में कीटनाशक के बैच नंबर का उल्लेख नहीं था तथा कृषकों के हस्ताक्षर भी नहीं थे। भाटापारा के ही कृषि सोपान में कृषकों को निर्धारित प्रारूप में बिल नहीं दिए जा रहे थे जो कीटनाशी नियम, 1971 के नियमों का स्पष्ट उलंघन है। कीटनाशक विक्रय केंद्रों में पाए गए। अनियमितताओं के कारण कार्यवाही करते हुए उक्त 3 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है । सामाधान कारक जवाब नहीं मिलने पर कीटनाशी अधिनियम, 1968 तथा कीटनाशी नियम, 1971 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा जिले में पदस्थ समस्त कीटनाशक, उर्वरक एवं बीज निरीक्षकों को नियमित रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण कर नकली कृषि आदान विक्रय तथा कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने हेतु स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है। निर्देश के परिपालन में निरीक्षकों द्वारा जिले में लगातार उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है तथा कृषकों से भी अपील किया गया है कि कृषि आदान का क्रय करने पर पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें तथा पॉस मशीन में अंगूठा लगाकर ही आवश्यकता अनुसार उर्वरक क्रय करें। निरीक्षण दल में अनुविभागीय कृषि अधिकारी जय इंद्र कंवर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेंद्र पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सियाराम हिरवानी एवं सिमांचल गौड़ शामिल थे।

## हज यात्रा कर आई हमिदुल नेशा खान का चराईडाँड़ में भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।



हज यात्रा वर्ष 2023, पर चराईडाँड़ निवासी खान परिवार की हमिदुल नेशा खान के सकुशल चराईडाँड़ वापसी पर स्थानीय मुस्लिम समाज एवं अन्य स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य स्वागत गर्म जोश के साथ किया गया जिसमें उनके स्वागत में फूल माला से लाद दिया गया एवं पटाखे फोड़ा गया क्षेत्र में पटाखे के आवाज से गुंज उठा, मुस्लिम समुदाय में यह मान्यता है कि कोई भी मुस्लिम अपने जीवन काल में एक बार हज कर लेते हैं तो उनका जीवन सफल हो जाते हैं ज्ञात हो कि हज यात्रा सउदी अरब के मक्का मदीना में किया जाता है जो कि उर्दू माह शव्वाल से शुरू होकर जिलहिज्जा के 9 तारीख को खत्म होते हैं यह प्रक्रिया 40 दिन का होते हैं जिसको सफलता पूर्वक पूर्ण कर शकुशल अपने घर चराईडाँड़ लौटने पर लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिली जिला जशपुर के दुलदुला ब्लाक से इस वर्ष केवल एक ही हज यात्री हमिदुन नेशा खान गये थे और सकुशल घर वापस हो गये हैं।

## ट्रेलर वाहन के टायर चोरी करने व खरीदने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




अम्बिकापुर निवासी कुलवीर सिंह ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 5035 को चालक राजेश पैंकरा चला रहा था। 12 जुलाई ट्रेलर कुरूवां मोड़ पर लावारिश हालत में मिला जिसमें लगा 2 नग नया टायर ट्यूब सहित नहीं था, चालक राजेश के द्वारा चोरी करने का संदेह व्यक्त किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 407, 381, 411 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने चोरी के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। थाना विश्रामपुर पुलिस को विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि अम्बेडकर चौक विश्रामपुर में एक टायर पंचर दुकान में 2 व्यक्ति आपस में टायर खरीदी बिक्री की बात को लेकर विवाद कर रहे है। सूचना पर ने दबिश देकर राजेश पैंकरा पिता घुरसाय उम्र 36 वर्ष निवासी कन्दरी, थाना चांदो, जिला बलरामपुर व अनिल सोनवानी उर्फ सोनू पिता रामस्वरूप उम्र 31 वर्ष निवासी सतपता को पकड़ा। पूछताछ पर राजेश ने बताया कि ट्रेलर वाहन का 2 नग नए टायर को 10 हजार रूपये में सोनू टायर दुकान के अनिल सोनवानी को बिक्री किया है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 2 नग नए टायर ट्यूब सहित कीमत करीब 50800 रूपये को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर सीपी तिवारी व उनकी टीम सक्रिय रही।

## कांवड़ियों से भरी पिकअप का ब्रेक हुआ फेल, सड़क किनारे गड्ढे में जा पलटी



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले से हादसे की खबर निकल कर समाने आई है. पोलमी मोड़ के पास कांवरियों से भरी पिकअप वाहन ब्रेक फेल होने के कारण पलट गई. अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलटी है। गनीमत रही कि भगवान शिव की कृपा से सभी कांवरिया सुरक्षित बच गए. किसी भी प्रकार की बड़ी क्षति नहीं हुई. इस बीच कुछ कांवरियों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं, जिनको प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार सभी कांवड़िया सावन महीने के पावन अवसर पर ग्राम डोढा पौनी से अमरकंटक की ओर जा रहे थे. तभी अचानक ब्रेक फेल होने से हादसा हो गया, जिसके बाद वहा ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

### एक नजर

## आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**कोण्डागांव ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को नगरपालिका ऑडिटोरियम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया किया गया। जिसमें देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, वीर रस पर आधारित कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता, वेशभूषा प्रतियोगिता को शामिल किया गया । इस प्रतियोगिता के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव भी शामिल हुए। जहां चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान ओशीन तिवारी, द्वितीय उजमा फातिमा, तृतीय आयुष सिंह, कविता पाठ में स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान मुस्कान देवांगन, द्वितीय देवोस्मिता चटर्जी, तृतीय आर्या सागर रहे एवं ओपन स्तर पर कविता पाठ में प्रथम स्थान तुलसी मण्डावी, द्वितीय लोरिया सागर रहे। वेशभूषा प्रतियोगिता में में स्कूल स्तर पर तेजस स्वामी प्रथम, पूर्व साहू द्वितीय, दामिनी तृतीय तथा ओपन स्तर में मायरा प्रकाश प्रथम, तमन्ना मडामे द्वितीय, आकांक्षा ठाकुर तृतीय रहीं। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के एकल स्कूल स्तर में सिद्धार्थ पाणीग्राही प्रथम, यथार्थ मार्कण्डेय द्वितीय तथा ओपन स्तर में अशोक बघेल प्रथम, दीपक नंदवाना द्वितीय रहे। वहीं देशभक्ति गीत में देशभक्ति गीत सामूहिक में स्कूल स्तर पर चावर हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रथम, सेजस जामकोट पारा द्वितीय, शा.उ.मा.वि. बनियागांव तृतीय रहे तथा देशभक्ति गीत सामूहिक ओपन में त्रिदर्शी मड़ामें एवं साथी ने प्रथम एवं सानू मानिकपूरी एवं साथी द्वारा द्वितीय स्थान अर्जित किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## रायपुर रेलवे स्टेशन में बड़ा हादसा, चलती ट्रेन में चढ़ रहा था यात्री, कटकर हुई मौत



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन से बड़ी खबर सामने आई है. यहां एक यात्री की ट्रेन में कटकर मौत हो गई है. ये हादसा रायपुर रेलवे स्टेशन में हुआ है. चलती ट्रेन में चढ़ने के चक्कर में यात्री अपनी जान गवां बैठा. मिली जानकारी के मुताबिक विशाखापटनम से LTT लोकमान्य तिलक जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन में कटकर यात्री की मौत हुई है. बताया जा रहा है कि ट्रेन निकल रही थी, इसी वक्त यात्री अचानक दौड़कर ट्रेन में चढ़ने लगा. इसी दौरान उसका पैर फिसल गया. यात्री पटरी पर जा पहुंचा. जहां ट्रेन से कटकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि यात्री चलती ट्रेन में जनरल बोगी में सीट के चक्कर में चढ़ रहा था, लेकिन यात्री को मौत नसीब हुई. रेलवे चलती ट्रेन में चढ़ने से मना करता है. न चढ़ने की अपील करता है, लेकिन लापरवाही के कारण यात्री मानते नहीं हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण रायपुर रेलवे स्टेशन में देखने को मिला. आपसे अपील है कि आप कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश न करें, वरना जान से हाथ धो सकते हैं।

## जिले में रोका छेका अभियान की शुरुआत अभियान से फसल एवं पशुधन होंगे सुरक्षित



**दंतेवाडा।** खरीफ फसलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ शासन के व्दारा प्रदेश में रोका छेका अभियान की शुरूआत कर पशुओं के चरने से कृषकों को फसलों के हानि से बचाने उक्त अभियान कारगर साबित हो रहा है अपितु शासन के इस प्रथा से किसान न सिर्फ खेती किसानी कार्य शीघ्र संपादित कर पायेंगे बल्कि दोहरे फसल का लाभ भी ले सकते है। जिले में 6जुलाई से रोका छेका अभियान की शुरूआत की गई है।पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक, डॉ. एस. जहीरूद्दीन ने बताया कि कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार एवम जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जिले में ग्राम स्तर पर परंपरा अनुरूप रोका छेका अभियान के तहत विभागीय कर्मचारियों के व्दारा फसल को चराई से बचाने हेतु पशुओं को गौठान में नियमित रूप से लाये जाने के संबंध में प्रत्येक गौठान ग्राम में रोका छेका अभियान अंतर्गत मुनादी करायी जा रही है। गौठान ग्राम एवं गौठानों में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं चरवाहों को खेती में फसल की चराई को बचाने हेतु पशुओं को खुला ना छोड़कर अपने घरों, बाड़े में बांधकर या गौठान में नियमित रूप से ला कर रखने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है तथा पशु स्वास्थ्य, पशु नस्ल सुधार हेतु बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान तथा पशु टीकाकरण कार्य संपादित की जा रही है। गौठानों में पशुओं के प्रबंधन एवं रख-रखाव की उचित व्यवस्था हेतु गौठान प्रबंधन समिति की बैठक की जा रही है. पशुधन के बेहतर प्रबंधन व रखरखाव हेतु गौठान प्रबंधन समितियां उचित व्यवस्था करने लगी है। समस्त निर्मित गौठानों में चारागाह की स्थापना कर चारा उत्पादन कराया जा रहा है। पशुओं के रोकाछेका का काम गांव-गांव में गौठान बनने से आसान हो गया है।समय-समय पर पशु चिकित्सा टीम के व्दारा गौठान ग्रामों / गौठानों / ग्रामों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, पशु नस्ल सुधार हेतु बधियाकरण व कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण एवं औषधि वितरण के कार्य किये जा रहे है। साथ ही बरसात के मौसम की शुरूआत से पहले और उसके दौरान जानवरों को विभिन्न आंतरिक परजीवियों के खिलाफ कृमिनाशक दवा दी रही है। फार्म पशुओं को संक्रामक रोग अर्थात हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया (एच.एस.) ब्लैक क्वार्टर (बी.क्यू.) और खुरपका और मुंहपका रोग (एफ.एम.डी.) के लिए वर्षा ॠतु के पूर्व ही टीका लगाया जा चुका है बाहरी परजीवियों को नियंत्रित करने के लिए पशुशाला में कीटनाशकों का नियमित छिड़काव किया जा रहा है। पशुओं के थनों को संक्रमण से बचाने के लिए गाय के गोबर को साफ करने, पशुशाला के फर्श को स्वच्छ एवं सूखा रखने तथा मूत्र रहित रखने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।इसके अलावा शिविर स्थल में ग्रामीणों को विभागीय आजीविका मूलक योजनाओं की जानकारी एवं पशु पालन तथा पशुओं के रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों की शिविर से लाभांवित होने के लिए अपील की जा रही है।




### उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल जिला स्तरीय आयोजन के होंगे मुख्य अतिथि

# हरेली तिहार से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हो रहा आगाज

## स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर तेतला में होगा जिला स्तरीय आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। रायगढ़ का जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, तेतला में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। लगभग 2 माह 10 दिन तक चलने वाले यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। इस खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा।

* दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेल में हुनर दिखाएंगे खिलाड़ी
* बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तीन आयु वर्ग में होंगे प्रतिभागी
* 6 चरण में होगी प्रतियोगिता, विजेताओं को दिया जाएगा पुरस्कार

### दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### राजीव युवा मितान क्लब से शुरू होगी प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 4 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

### प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी ले सकेंगे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

### विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा पुरस्कार

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रभाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाल विजेता खिलाड़ियों को 1000 रूपए, द्वितीय स्थान आने पर 750 रूपए एवं तीसरा स्थान आने पर 500 रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रूपए की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रूपए और तीसरे स्थान आने पर 1000 रूपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रूपए, द्वितीय आने पर 2500 रूपए एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रूपए एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रूपए, द्वितीय आने पर 4500 रूपए एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रूपए की राशि और प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 17 जुलाई 2023

# ग्रामीण औद्योगिक पार्कों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर- तारन प्रकाश सिन्हा

रीपा में कार्यरत लोगों से कलेक्टर सिन्हा ने कहा–आपके लिए तैयार की हैं सुविधाएं, लाभ लेकर आगे बढ़ाएं अपना काम

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा शनिवार को लैलूंगा और तमनार ब्लॉक के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का निरीक्षण कर वहां चल रहे काम-काज को देखा। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी इस दौरान साथ रहे। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में काम कर रहे महिला समूहों और अन्य उद्यमियों से कहा कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में स्थानीय स्तर काम काज के लिए सर्वसुविधायुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जा रहा है, इसका लाभ लेते हुए अब अपना काम आगे बढ़ाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने महिला समूहों से चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा। कोड़ासिया गौठान में महिला समूह द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाए जा रहे हैं। जिसमें कुकर, तवा और थर्मस जैसे उत्पाद शामिल हैं। जिसकी बिक्री सी-मार्ट के माध्यम से की जा रही है और इन उत्पादों की खासी डिमांड भी है। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में खाली स्थान पर हल्दी,



आम और कटहल जैसे फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को व्यवसायिक प्लांटेशन के इस कार्य में महिला समूहों को जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें अतिरिक्त आय मिल सके। कलेक्टर सिन्हा ने लैलूंगा ब्लॉक मोहनपूर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 5 हेक्टेयर में तैयार किए जा रहे मिश्रित फलोद्यान का निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां आम की कई किस्में लगाई जा रही हैं। अलावे इसके यहां कटहल, अमरूद जैसे दूसरे फलदार पौधे भी लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सुरक्षा के लिए फेंसिंग और पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने यहां पौधरोपण भी किया। इस दौरान एसडीएम लैलूंगा अक्षा





* 1 माह में सोहद्रा ने बेचा 2 लाख का चैनलिंक फेंसिंग, 6 लाख का मिला है ऑर्डर, कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

* कलेक्टर सिन्हा ने समूहों को व्यवसायिक प्लांटेशन से जोड़ने के दिए निर्देश, उद्यानिकी विभाग तैयार कर रहा फलोद्यान

* कोड़ासिया रीपा में जवाफूल चावल की प्रोसेसिंग के लिए लगेगा मिनी राइस मिल

गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत वीरेन्द्र राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

1 माह में सोहद्रा ने बेचा 2 लाख का चैनलिंक फेंसिंग, 6 लाख का मिला हुआ ऑर्डर, कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

कलेक्टर सिन्हा ने तमनार के रीपा का भी निरीक्षण किया। यहां कई वर्किंग यूनिट्स संचालित हैं। इनमें सोहद्रा साव चैनलिंग फेंसिंग का काम कर रही हैं। उन्हें प्रशासन की ओर से कार्य करने की जगह के साथ मशीन उपलब्ध कराई गई है। सोहद्रा ने बताया कि पिछले एक माह में उन्होंने करीब 2 लाख रुपए की फेंसिंग सप्लाई किया है। अभी उनके पास 6 लाख का ऑर्डर है। कलेक्टर सिन्हा ने उनका हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर सिन्हा ने अन्य यूनिट्स का भी निरीक्षण कर वहां चल रहे काम काज का जायजा लिया।

### जवाफूल चावल प्रोसेसिंग के लिए लगाएं मिनी राइस मिल

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि लैलूंगा क्षेत्र में सुगंधित जवाफूल चावल की खेती होती है। कोडासिया गौठान में इसकी प्रोसेसिंग के लिए मिनी राइस मिल लगाने के निर्देश उन्होंने दिए। जिससे किसानों की लागत घटेगी और उनका फायदा बढ़ेगा। उन्होंने चावल की पैकेजिंग भी बढ़िया रखने के लिए कहा। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत तरीकों से खेती करने के लिए प्रशिक्षित करें जिससे प्रति एकड़ उनकी उपज में बढ़ोत्तरी हो और उनका लाभ बढ़े।

### केलो संरक्षण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर सिन्हा ने लारीपानी में केलो संरक्षण और संवर्धन के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां केलो नदी पर एक लो हाइट चेक डैम बनाया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेक डैम से जल संग्रहण और किसानों को होने वाले लाभ की जानकारी तैयार करें। मालूम हो कि केलो संरक्षण अभियान के तहत नदी मार्ग में विभिन्न संरचनाएं बनाई जा रही हैं जिससे जल प्रवाह को नियंत्रित किया जा सके। इसका लाभ स्थानीय किसानों को मिलने के साथ ही भू-जल रिचार्ज करने में भी मिलेगा।

## एक नजर

### रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा औरदा विद्यालय में किया गया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।




जिले के विकासखण्ड पुसौर अंतर्गत ग्राम औरदा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सीएल चौधरी ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा प्रांगण के सौंदर्यीकरण का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें हमारा प्रयास है कि पेड़-पौधों की छाया से विद्यालय परिसर को आच्छादित किया जाए। उसी तारतम्य में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन से विद्यालय के व्याख्याताओं द्वारा सम्पर्क किया गया था। गौर करने वाली बात यह है कि हमारे सम्पर्क करने के एक दिन बाद ही फाउंडेशन द्वारा हमें पौधे उपलब्ध कराए गए। यह फाउंडेशन के तत्परता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने यह भी बताया गया कि विद्यालय परिसर में पांच फुट से ऊपर के 13 पौधे रोपित किए गए। साथ ही विद्यालय के अनेकों विद्यार्थियों और ग्रामवासियों में उनके आवश्यकता के अनुरूप पौधे उपलब्ध कराए गए। इस विषय पर प्राचार्य सीएल चौधरी सहित व्याख्याता एलएन प्रधान, सोनवानी, पटेल, वी सिंह, पी साहू, यू मिश्रा, एच पटेल, पी सिदार ने बताया कि अंचल में रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण जागरूकता रथ के संचालन के साथ ही पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है, जो कि मुक्त कंठ से प्रशंसनीय कार्य है। वहीं ग्रामवासियों ने भी इसे प्रशंसा योग्य कार्य बताया। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए रायगढ़ से पौधे लाकर रोपित करना एक कठिन कार्य है। क्योंकि यदि पौधे लाने के लिए जाना है, तो पूरे एक दिन का समय निकालना पड़ता है, जिससे खेती किसानी के अन्य कार्य सफर करते है। इसलिए यह बहुत ही प्रासंगिक और प्रशंसनीय कार्य है। क्योंकि हमें गाड़ी से पौधे घर तक पहुंचा कर मिल जा रहे हैं। इससे हमारे किसानी के कार्य भी प्रभावित नहीं होते हैं। यही कारण है कि फाउंडेशन का यह पहल मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा निरीक्षण किया गया




**दन्तेवाड़ा** । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 क्षेत्र क्रमांक-88 हेतु ईवीएम/ वीवीपेट मतदाता जागरूकता मतदान केंद्र का शुभारंभ किया जाना है। इस हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा मतदाता जागरूकता मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। ईवीएम/ वीवीपेट मतदाता जागरूकता केंद्र में मतदान की प्रक्रिया के तहत ईवीएम संचालन आम नागरिकों द्वारा किए जाने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु जागरूकता मतदान केंद्र बनाया गया है।

### जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर बैंक को लगाया लाखों का चूना

**रायपुर** । जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर छग राज्य ग्रामीण बैंक एवं श्रीराम हाउसिंग फायनेंस से 71 लाख 20 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आ रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तोषण कुमार मंडलोई 36 वर्ष अमनतास कैलाश कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी एमए नईम, अभिषेक राउत, देवेन्द्र देवांगन व अन्य ने गुढियारी स्थित 3000 वर्गफीट भूमि नहीं होते हुए भी भूमि का फर्जी कागजात तैयार कर छग राज्य ग्रामीण बैंक एवं श्रीराम हाउसिंग फायनेंस से कुल 71 लाखर 20 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# जिले में भारी बारिश की चेतावनी, कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागों को अलर्ट पे रखा

मौसम विभाग ने 16 से 20 जुलाई तक जिले में भारी बारिश की चेतावनी की जारी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

मौसम विभाग ने रायगढ़ जिले में 16 जुलाई से 20 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट भी जारी किया है। जिसे देखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिला प्रशासन के सभी विभागों को अलर्ट पर रखा है।

उन्होंने राजस्व और पंचायत विभाग के मैदानी अमले को फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिन पंचायतों में बाढ़ की स्थिति बनती है वहां विशेष सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया है। नगर सेना की टीम को भी राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अपनी पूरी तैयारी रखने के लिए निर्देशित किया। जिससे सूचना मिलने पर तुरंत सहायता रवाना किया जा सके।




**बाढ़ राहत के लिए 24/7 कंट्रोल रूम स्थापित, 07762-223750 नंबर जारी**

कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य अमले को भी सतर्क रहने के लिए कहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराई जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर जिले में बाढ़/अतिवृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति होने की सूचना एवं सहायता के लिये जिला कार्यालय रायगढ़ में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें दूरभाष नंबर 07762-223750 पर कॉल कर संपर्क किया जा सकता है।

### लोगों से भी सतर्क रहने की अपील

***मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट में 16 से 20 जुलाई की अवधि में जिले भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। जिला प्रशासन ने जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है।***

# ग्राम भरवीडीह में 42 वर्षीय मजदूर की अवैध बिजली कनेक्शन ने ली जान, पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।





अवैध बिजली कनेक्शन ने मजदूर युवक की जान ले ली। रतनपुर थाना क्षेत्र के गांव भरवीडीह में रहने वाला 42 वर्षीय मजदूर प्रहलाद कमल सेन पिता राम कमल सेन रोजी मजदूरी करने बिलासपुर जाता था। शनिवार को भी वह हर दिन की तरह बिलासपुर मजदूरी करने गया था। शाम को करीब 8 बजे वह बस में सवार होकर रानी गांव पहुंचा, जहां से पैदल ही वह अपने गांव भरवीडीह के लिए कच्चे रास्ते से जा रहा था। यहां सिंघरी के प्लॉट में अनीश गौरहा ने कृषि कार्य के लिए अस्थाई रूप से बिजली का कनेक्शन लिया था। जिसका तार टूट कर जमीन पर गिरा हुआ था। पैदल जा रहा प्रहलाद कमल सेन उसी बिजली तार की चपेट में आ गया। बिजली का तीव्र करंट लगने से उसकी वहीं मौत हो गई। रात भर प्रहलाद कमल सेन का शव मौके पर ही पड़ा रहा। सुबह कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। प्रह्लाद मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा चार बेटी और एक बेटा है। पूरा परिवार प्रहलाद कमल सेन पर ही आश्रित था। उसकी मौत से परिवार के ऊपर विपदा टूट पड़ी है।

### बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह अवैध तरीके से बिजली के कनेक्शन खींच लिए जाते हैं जिसके तार अक्सर टूटकर जमीन पर पड़े रहते हैं। जिसकी चपेट में आकर कभी मवेशी तो लाभ लोग अपनी जान गवा रहे हैं। लेकिन ऐसे अवैध कनेक्शन को लेकर बिजली विभाग कभी कोई कार्यवाही नहीं करता। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते ही एक मजदूर की अकाल मौत हो गई। अब बड़ा सवाल यह है कि उसके पीछे उसके परिवार का भरण पोषण का दायित्व कौन संभालेगा। बिजली विभाग या फिर अवैध कनेक्शन धारी इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर रही है।

# रीपा में रोजगार वर्धन हेतु व्यवपारियों एवं संघ प्रतिनिधियों के संग बैठक का हुआ आयोजन

व्यवपारियों ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क में आजीविका गतिविधियों के लिए सहयोग हेतु दिखाया उत्साह

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) योजना अंतर्गत जिले में तैयार किए जा रहे हैं सभी 10 रीपा में आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उनमें रोजगार के नए साधनों की संभावना की तलाश तथा जिले के व्यापारियों की उसमें भागिदारिता सुनिश्चित करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शामिल होते हुए जिले में रीपा निर्माण एवं संचालन हेतु निर्मित योजना की जानकारी लेते हुए गतिविधियों के बेहतर संचालन, उनमें कच्चे माल की आपूर्ति, निर्मित उत्पादों की पैकेजिंग, उनके लिए बाजार की खोज एवं विक्रय की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें सभी ने अपना मत रखते



हुए इस पार्क में आजीविका मूलक गतिविधियों के लिए सहयोग एवं सहभागिता हेतु उत्साह दिखाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर रीपा के नोडल अधिकारियों द्वारा सभी व्यापारियों को रीपा में आजीविका गतिविधियों में अपने अनुभवों के द्वारा सहयोग करने को कहा साथ ही यदि कोई व्यापारीगण किसी प्रकार के उत्पाद का निर्माण रीपा के माध्यम से करवाना चाहते हैं तो उन्हें भी रीपा में निवेश हेतु आमंत्रित किया गया। इसके माध्यम से प्रशासन का उद्देश्य है स्थानीय स्वयंसहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों को इन गतिविधियों में जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। इस अवसर पर जनरल स्टोर संघ के दीपक कुमार दीवान, विद्युत संघ के गीतेश गांधी, फर्नीचर संघ से दीनबंधु देवांगन, सहित व्यापारी कन्हैया विश्वास, दिनेश देवांगन, एकेश्वर पटेल, दिनेश कुमार, सुंदर लाल देवांगन, अनिल शर्मा सहित अन्य व्यापारीगण एवं रीपा मैनेजर, एनआरएलएम के यंग प्रोफेशनल एवं तकनीकी सहयोगी संस्था यूएमपीएसएस के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने विकास पटेल रत्तीदास महंत पूर्व अध्यक्ष का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

होटल सांई श्रद्धा में आयोजित विशाल सभा में छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला रायगढ़ के पूर्व अध्यक्ष रत्ती दास महंत सेवानृवित पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया एवं नये अध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के रूप में विकास पटेल उच्च वर्ग शिक्षक माध्यमिक शाला उर्दना को जिला अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया गया एवं हांथ खड़ा कर सहमति ली गई जिसमें सभी लोगों ने अपना समर्थन देकर प्रस्ताव पास किया गया आज के इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बनने पर विकास पटेल ने अपना प्राथमिकी बताते हुए कर्मचारी भवन का जीर्णोद्धार हेतु विशेष प्रयास एवं सभी अलग-अलग कर्मचारी यूनियन को जोड़कर कर्मचारियों की समस्याओं का निदान हेतु विशेष प्रयास पहली



प्राथमिकता होगी। सभी ने हर्ष व्याप्त करते हुए विकास पटेल को बधाई दी एवं रत्ती दास महंत पूर्व जिला अध्यक्ष को उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए सभी ने उनके दीर्घायु होने एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई खगेश्वर चौहान एवं तारा लाल चौहान को भी सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र पटेल प्रांतीय संरक्षक, धर्मेंद्र बस प्रांतीय महामंत्री, पी आर कौशिक उप प्रांताध्यक्ष, शेखर पांडे जिला अध्यक्ष बिलासपुर, यशवंत पटेल जिला अध्यक्ष शक्ति, आर पी शर्मा प्रांत अध्यक्ष पेंशनर कल्याण संघ, अनीता नायक उपप्रांतध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ, मनोज पांडे जिला संयोजक छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, बिंदेश्वर रौतिया प्रांत अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ, लक्ष्मी कांत पटेल प्रधान पाठक कल्याण संघ, विष्णु यादव उपप्रांताध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ, राजकमल पटेल छ.ग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, शैलेश यादव जिला अध्यक्ष



तृतीय वर्ग सारंगढ़, उपाध्यक्ष, मनोज अग्रवाल कार्यकारी जिलाध्यक्ष संविदा कर्मचारी संघ, गोपाल नायक पेंशनर संघ, मेश्राम व टीकाराम पटेल, राजेश मेहरा व अन्य पदाधिकारी गंण भुनेश्वर पटेल, घनश्याम पटेल राजेंद्र चौरसिया, सौरभ पटेल, खगेश्वर साहू, रविन्द्र पटेल, ईश्वर पटेल, सूरज प्रकाश, प्रभु दत्तपांणी, शालिकराम नायक, तेजकुमार पटेल, भूपेश पंडा, मीना यादव, बिजेंद्र चौहान, महेंद्र बंजारे, सुरेश राम जाटवर, निराकार चौहान, नरेश बेहरा, चंद्रजीत पटेल, प्रहलाद पटेल,पद्मलोचन पटेल, संतोष राठिया आदि कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# कृषि विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर दुकान किया सील

मां ट्रेडर्स, संचालक मिथलेश चन्द्रा छोटे सीपत पर की कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।

जिले में मानसून सक्रिय होते ही कृषि कार्य में गति आ गई है। किसान निजी विक्रेताओं से खाद, बीज,दवा की खरीदी कर रहे हैं। किसानों को मानक गुणवत्ता का खाद बीज दवा आसानी से उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी रोकने के लिए दुकानों का निरन्तर जांच किया जा रहा है। दुकानों से खाद, बीज,दवा के नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच में अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। कलेक्टर सक्ती नुपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिले के सभी खाद बीज दवा दुकानों का जांच किया जा रहा है। विगत दिवस उप संचालक कृषि के निर्देश पर मालखरौदा क्षेत्र के दुकानों का




औचक निरीक्षण किया गया। मां ट्रेडर्स छोटे सीपत संचालक मिथलेश चन्द्रा खाद एवं दवा दुकान जो एक ही परिसर में संचालित है। का निरीक्षण किया गया। जांच में कीटनाशक दवा एवं खाद का वैधानिक दस्तावेज नहीं पाया गया। नगदी पर्ची बिल बुक तथा स्टाक पंजी उपलब्ध नहीं कराया गया। कीटनाशक दवा की समीप खाद्य सामग्री का भंडारण पाया गया। खाद विक्रय के लिए पीओएस मशीन नहीं है। निरीक्षक मालखरौदा एवं उसके टीम के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए विक्रय परिसर को सील कर दिया गया। विक्रेता को नोटिस दिया गया है। शशांक शिन्दे उप संचालक कृषि सक्ती ने बताया कि खाद बीज दवा दुकानों का निरन्तर जांच किया जा रहा है।



किसी भी विक्रेता के द्वारा प्रावधान के विपरित व्यापार किया जाता है, अथवा खाद, बीज, दवा का कालाबाजारी करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कहीं भी इन आदानों का अवैध भंडारण पाया जाता है। तो अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। जिला स्तर पर निरीक्षण टीम का गठन किया गया है। नियमित औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

## जेनेलिया डिसूजा की ट्रायल पीरियड का नया गाना गोले माले जारी




बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ट्रायल पीरियड को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना गोले माले जारी कर दिया है, जिसे श्रेया घोषाल, देव नेगी और कौशिक-गुड्डू ने मिलकर गाया है। ट्रायल पीरियड में जेनेलिया की जोड़ी पहली बार मानव कौल के साथ बनी है। इसका प्रीमियर 21 जुलाई से जियो सिनेमा पर किया जाएगा। जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर ट्रायल पीरियड का नया गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस गाने को हम अपने दिमाग से नहीं निकाल सकते। ट्रायल पीरियड में शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्देशन आलिया सेन ने किया है, जबकि यह फिल्म हेमंत भंडारी, अमित रविंदरनाथ शर्मा, अलेया सेन और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है।



## कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन में नजर आ सकती हैं श्रद्धा कपूर

जहां एक तरफ कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा की सफलता का आनंद उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीते दिन उन्होंने अपनी नई स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन का ऐलान किया था।

इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला द्वारा किया जा रहा है। अब खबर है कि कार्तिक की चंदू चैंपियन में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। सूत्र ने बताया, साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान एक प्रमुख महिला की तलाश कर रहे हैं और वो श्रद्धा कपूर से बातचीत कर रहे हैं। अभिनेत्री भी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। अगर सब ठीक-ठाक रहा तो जल्द आधिकारिक घोषणा होगी। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक आने वाले दिनों में भूल भुलैया 3 और आशिकी 3 में नजर आएंगे। कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर साझा किया और लिखा, चंदू नहीं, चैंपियन है मैं। पोस्टर में लिखा हुआ है, वो शख्स, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। इसमें फिल्म के नाम के अलावा निर्माता-निर्देशक का नाम और रिलीज डेट भी बताई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जहां कबीर संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को दर्शकों के बीच आएगी। यह फिल्म एक खिलाड़ी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो कभी हार नहीं मानता। उस खिलाड़ी का नाम चंदू है, जिसका किरदार कार्तिक पर्दे पर साकार करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस सच्ची कहानी से जुड़कर कार्तिक बहुत खुश हैं। वह जानते हैं कि किरदार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीवंत करने को उत्साहित हैं।

## अदा खान ने शिमरी गाउन में अपनी हॉटनेस से लूटी महफिल


### फोटो ने फैंस की बढ़ाई धड़कनें

टीवी एक्ट्रेस अदा खान अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, लेटेस्ट शिमरी गाउन में एक्ट्रेस अदा खान ने बेहद ही बोल्ड पोज दिए. एक्ट्रेस अदा खान की जबरदस्त एक्टिंग और सोशल मीडिया पर बोल्डनेस फैंस के दिलों का पारा हाई किए रहती हैं।

अदा शर्मा कई टीवी शोज और सीरियल में नजर आ चुकी हैं, फैंस उनके अभिनय के दीवाने हैं। एक्ट्रेस अदा खान ने मैरून कलर के गाउन में बेहद ही हसीन पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। हाई स्लिट शिमरी गाउन के साथ एक्ट्रेस अदा खान ने ओपन हेयर स्टाइल और हैवी मेकअप को कैरी कर रखा है। एक्ट्रेस ने साल 2009 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। साथ ही आज वो टीवी इंडस्ट्री में काफी पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। अदा खान ने बहनें, अमृत मंथन और नागिन जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया है। साथ ही वो खतरों के खिलाड़ी सीजन 10 में भी नजर आ चुकी हैं। अदा खान भले ही इन दिनों टीवी सीरियल्स से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर वो काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के लिए लेटेस्ट तस्वीरें या वीडियो अपलोड करती रहती हैं। कैमरे के सामने अपनी अदाओं का जादू चलाती अदा खान बेहद ही कातिलाना नजर आ रही हैं। साथ ही एक्ट्रेस ने अपने अभिनय के दम पर घर-घर में एक खास पहचान हासिल कर चुकी हैं।



## राम चरण की गेम चेंजर का निर्देशन नहीं करेंगे शंकर शनमुघम? सामने आई यह जानकारी




राजामौली की आरआरआर के बाद अभिनेता रामचरण की अगली फिल्म निर्देशक शंकर की गेमचेंजर है, जो पिछले काफी लम्बे समय से बन रही है। यह फिल्म आगामी वर्ष संक्रांति के अवसर पर प्रदर्शित होने वाली है। इस फिल्म की शूटिंग में देरी होते हुए देख निर्माता दिल राजू ने बड़ा कदम उठाते हुए एक अन्य निर्देशक की सेवाएँ ली हैं। बताया जा रहा है कि अब फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी शैलेश कोलानु को दी गई है। गौरतलब है कि रामचरण की यह फिल्म लगातार कई वजहों से देरी का सामना कर रही है। जिस वजह से फिल्म को तय वक्त पर रिलीज करना थोड़ा मुश्किल नजर आ रहा था। ऐसे में फिल्म के निर्माता दिल राजू ने एक बड़ा कदम उठाया और फिल्म को एक नया निर्देशक मिल गया है। एंटरटेनमेंट पोर्टल फिल्मीबीट की एक रिपोर्ट की मानें तो रामचरण और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म गेमचेंजर को पूरा करने के लिए मेकर्स ने हिट निर्देशक शैलेश कोलानु को टीम में शामिल किया है। मिली जानकारी के मुताबिक शैलेश कोलानु को निर्माताओं ने फिल्म के कुछ अहम फाइट सीक्वेंस शूट करने के लिए चुना है। जो निर्देशक शंकर की गैर मौजूदगी में फिल्म के दूसरे हिस्से के कुछ एक्शन सीन्स शूट करेंगे। बाकी फिल्म के सभी मुख्य सीन्स निर्देशक शंकर ने ही निर्देशित किए हैं।

## वरुण धवन की फिल्म बवाल का नया गाना दिल से दिल तक जारी




फिल्म बवाल पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी पहली बार दर्शकों के सामने आ रही है। जहां कुछ दिन पहले निर्माताओं ने बवाल का पहला गाना तुम्हें कितना प्यार करते जारी किया था, वहीं अब फिल्म का दूसरा गाना दिल से दिल तक सामने आ चुका है। इस गाने को लक्ष्य कपूर, आकाशदीप सेनगुप्ता और सुवर्णा तिवारी ने अपनी आवाज दी है। जाह्नवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर दिल से दिल तक गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, छलक गए नैना, तूने मन भर दिया। मेरे खाली से दिल को यूं, तूने घर कर दिया। नितेश तिवारी ने बवाल के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं।

## हर साल सिर्फ 2 ही फिल्में करूंगी: सोनम कपूर



मैटरनिटी ब्रेक से लौटी बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर आहूजा ने कहा है कि वह फिल्मों को लेकर बहुत सेलेक्टिव रहेंगी और हर साल दो ही प्रोजेक्ट करेंगी।

एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ चलिटी टाइम बिताना चाहती हैं और साल में दो फिल्में करने से वह बेहतर तरीके से टाइम को मैनेज कर सकती हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, मैंने दो साल की छुट्टी ले ली क्योंकि मैं प्रेग्नेंट थी और फिर अपने बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहती थी। अभी दो साल पूरे नहीं हुए हैं और मैंने दो प्रोजेक्ट पर साइन किए हैं, एक शो और एक फिल्म, जिस पर मैं काम करना शुरू करूंगी। यह अगले साल रिलीज होगी, क्योंकि फिल्में इसी तरह चलती हैं। फिर मेरा आइडिया हर साल दो कंटेंट बनाने का है, बस इतना ही, इससे ज्यादा नहीं क्योंकि मैं अपने परिवार के साथ भी समय बिताना चाहती हूं।

एक्ट्रेस, जो जल्द ही स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट ब्लाइंड में लीड रोल में नजर आएंगी, को हाल ही में भारत और विश्व स्तर पर सांस्कृतिक प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री के स्वागत समारोह में आमंत्रित किया गया था। एक्ट्रेस को यह भी लगता है कि भारत इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ रहा है क्योंकि भारतीय हस्तियों के पास जबरदस्त सॉफ्ट पावर है।

उन्होंने कहा, इंटरनेशनल ब्रांड भारतीय अभिनेताओं को ब्रांड एंबेसडर के रूप में ले रहे हैं और वे उन्हें अधिक प्रदर्शित कर रहे हैं।

यह देखना दिलचस्प है कि अब सोशल मीडिया और ओटीटी आदि के कारण दुनिया छोटी होती जा रही है, इसलिए पहचान आसान हो रही है।

# खेल

## लक्ष्य सेन US ओपन के सेमीफाइनल में हारे

### वर्ल्ड नंबर 7 चीन के फेंग ने 21-17, 22-24, 21-17 से हराया; टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती खत्म



भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन को US ओपन सुपर-300 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ US ओपन 2023 में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। शनिवार सुबह को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑल इंग्लैंड चैम्पियन और वर्ल्ड नंबर 7 चीन के ली शी फेंग ने दुनिया के 12 नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को 21-17, 22-24, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने इससे पहले फेंग को हराकर कनाडा ओपन में खिताब जीता था। US ओपन फाइनल में फेंग का सामना थाईलैंड के उभरते सितारे कुन्लावुत वितिसार्न से होगा।

कांटे की टक्कर में चीन के फेंग के खिलाफ लक्ष्य का फाइनल बेहद रोमांचक रहा। फेंग ने लगातार अटैक करना जारी रखा और सेमीफाइनल 21-17, 22-24, 21-17 के अंतर से जीत लिया।

### लक्ष्य का करियर

21 साल के लक्ष्य यूथ बैडमिंटन की बॉय्ज सिंगल्स कैटेगरी में एक गोल्ड, एक सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज जीत चुके हैं। सीनियर कैटेगरी में खेलना शुरू करने के बाद 2019 में उन्होंने डच ओपन का खिताब जीता। 2019 में ही लक्ष्य ने सारलॉरलक्स ओपन चैंपियनशिप भी जीता।

2022 से लक्ष्य का गोल्डन ईयर शुरू हुआ। यहां उन्होंने इंडिया ओपन जीता और भारत के लिए टीम चैम्पियनशिप में थॉमस कप और कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में ही लक्ष्य जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में रनर-अप रहे और 2023 में कनाडा ओपन जीतकर अपना चौथा मेंस सिंगल्स टाइटल जीता।



**लक्ष्य के BWF वर्ल्ड टाइटल**

| साल | टूर्नामेंट | टाइटल |
|---|---|---|
| 2019 | डच ओपन | चैम्पियन |
| 2019 | सारलॉरलक्स ओपन | चैम्पियन |
| 2022 | इंडिया ओपन | चैम्पियन |
| 2022 | जर्मन ओपन | रनर-अप |
| 2022 | ऑल इंग्लैंड ओपन | रनर-अप |
| 2023 | कनाडा ओपन | चैम्पियन |

### 2023 में लक्ष्य का तीसरा सेमीफाइनल

*इस साल लक्ष्य का यह तीसरा सेमीफाइनल मुकाबला था। उनका यह इस साल का 12वां BWF कॉम्पिटिशन था। कनाडा ओपन का खिताब इस साल लक्ष्य का पहला ही खिताब था। इससे पहले लक्ष्य सिर्फ थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में ही पहुंच सके थे, बाकी चैम्पियनशिप में उन्हें फर्स्ट, सेकेंड या थर्ड राउंड में ही हारकर बाहर होना पड़ा था। वह इस साल इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 में किदांबी श्रीकांत से हारे। सिंगापुर ओपन के फर्स्ट राउंड में चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन से हारे और थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में उन्हें थाईलैंड के ही कुन्लावुत वितिसार्न ने हराया।*

## एक नजर

### एशियाई गेम में सेलेक्शन पर रिंकू ने जाहिर की खुशी, पोस्ट कर लिखा फाइनली

**नई दिल्ली** । आईपीएल 2023 में कोलकाता नाईट राइडर्स के टॉप स्कोरर रिंकू सिंह ने एशिया गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर खुशी जताई. रिंकू सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की. कोलकाता नाईट राइडर्स ने रिंकू के चयन पर उनके फोटो पर फाइनली लिख कर पोस्ट किया था.



इसे रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपलोड किया. इससे पहले भारतीय टीम की आगामी टी-20 सीरीज के लिए रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली थी. हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम वेस्टइंडीज 5 टी-20 की सीरीज खेलेगा. आईपीएल स्टार्स शामिल होंगे, लेकिन रिंकू का नाम नहीं है. कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने गुजरात के खिलाफ 5 बॉल पर 5 सिक्स लगा कर अपने नाम का परचम लहराया. इस सीजन आंद्रे रसेल के बुरे फॉर्म में होने के बाद 25 साल के रिंकू सिंह ने कोलकाता के लिए फिनिशर की जिम्मेदार निभाई. 2018 में आईपीएल डेब्यू करने वाले रिंकू ने आईपीएल 2023 में केकेआर के लिए सबसे ज्यादा 474 रन बनाए.

**एशियाई गेम टीम:** ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)

## वोंद्रोसोवा विम्बलडन जीतने वाली पहली गैरवरीय खिलाड़ी

### इस चैंपियनशिप में लगातार दूसरा फाइनल हारीं ट्यूनीशिया की जेबुर



चेक गणराज्य की गैरवरीय खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने टेनिस का सबसे पुराना टूर्नामेंट विम्बलडन का खिताब जीत लिया है। वोंद्रोसोवा ने करियर का पहला ग्रैंडस्लैम टाइटल जीता है। उन्होंने शनिवार शाम लेडीज सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में ट्यूनीशिया की ओन्स जेबुर को 6-4, 6-4 से हराया।

मार्केटा विम्बलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की तीसरी खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले 1998 में जाना नोवोत्ना और पेत्रा क्वितोवा (2011 और 2014) यह खिताब जीत चुकी हैं। 146 साल पुराने इस टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब गैरवरीय खिलाड़ी ने यह खिताब जीता है। चैंपियनशिप के जेंटलमैन सिंगल्स का फाइनल मुकाबला रविवार को 7:30 बजे से 7 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच और दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्करेज के बीच खेला जाएगा।

### वोंद्रोसोवा ने सीधे सेटों में जीता फाइनल

चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने लेडीज सिंगल्स कैटेगरी का फाइनल मुकाबला बड़ी आसानी से जीत लिया। उन्होंने ट्यूनीशियाई स्टार को एक घंटे 20 मिनट चले मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। पिछले साल रिबाकिना से हारी थीं जेबुर छठी सीड जेबुर लगातार दूसरी बार विम्बलडन फाइनल हारी हैं। उन्हें पिछले साल फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने हराया था। उन्हें तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। साल 2022 में सितंबर में अमेरिकी ओपन के फाइनल में उन्हें इगा स्वियातेक ने हराया था। ट्यूनीशियाई स्टार जेबुर ने लगातार दूसरी बार विम्बलडन का फाइनल मैच गंवाया है।

## लॉन्गजम्पर श्रीशंकर ने 2024 ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

### एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन भारत को 5 मेडल

**थाईलैंड।** लॉन्गजम्पर मुरली श्रीशंकर ने 2024 के ओलिंपिक गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने थाईलैंड में चल रही 25वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन सिल्वर मेडल जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया। शुक्रवार को भारतीय एथलीट्स ने 5 मेडल जीते। जिनमें 1 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



### 8.37 मीटर जम्प कर सिल्वर मेडल जीता


वहीं मेंस के लॉन्ग जंप में मुरली श्री शंकर ने 8.37 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहे। इसके साथ ही पेरिस ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिए। इवेंट में चायना ताइपे के लिन यु टांग ने 8.40 मीटर के साथ गोल्ड और चीन के झांग मिनकुन ने 8.08 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

### भारतीय मिक्स्ड टीम 400 मीटर रिले में जीता गोल्ड

भारतीय मिक्स्ड टीम 400 मीटर रिले में 3.14.70 सेकेंड का समय लेकर पहले स्थान पर रही। टीम में पुरुषों में राजेश रमेश, अमोज जैकब और विमेंस में एश्वार्या मिश्रा और शुभा वेंकेटशन शामिल थीं। वहीं श्रीलंका की टीम ने 3.15.41 सेकेंड का समय के साथ दूसरे और जापान की टीम 3.15.71 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## प्रियंका ने 20 किमी पैदल चाल में रजत और विकास ने कांस्य पदक जीता

**बैंकॉक** । भारत की प्रियंका गोस्वामी और विकास सिंह ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को यहां क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीते।



राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका ने महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एक घंटा, 34 मिनट और 24 सेकंड का समय लेकर चीन की यांग लिउजिंग (1:32:37) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। जापान की युकिको उमेनो ने 1:36:17 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

प्रियंका का सर्वश्रेष्ठ समय हालांकि एक घंटा, 28 मिनट और 45 सेकंड है।

इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय भावना जाट एक घंटा, 38 मिनट और 26 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में विकास ने एक घंटा, 29 मिनट और 32 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। जापान के युतारो मुरायामा (1:24:40) ने स्वर्ण पदक जबकि चीन के वांग काइहुआ (1:25:29) ने रजत पदक जीता।

### जशपुर जिले में चाय की खेती हेतु अभिनव पहल

# किसानों के उत्साह को देखते हुये जिला प्रशासन ने 100 एकड़ भूमि में चाय पौधा रोपण की भी स्वीकृति दी

**कृषकों की 95-500 एकड़ निजी भूमि में 358500 चाय पौधा रोपण किये जा रहे * 72 कृषक परिवार लाभान्वित उन्हें मिला स्वरोजगार**

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग से बगीचा विकासखंड के ग्राम छिछली एवं मनोरा विकासखंड के ग्राम केराकोना में चाय की खेती क्षेत्र विस्तार के तहत 95-50 एकड़ भूमि में चाय पौधा रोपण विधिवत प्रारम्भ किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में चाय विशेषज्ञों के साथ फील्ड विजिट, कृषकों से चर्चा एवं कृषकों को चाय उत्पादन की तकनीकी प्रशिक्षण चाय विशेषज्ञ से दिलाये जाने के उपरान्त चाय की खेती हेतु कृषकों की सहमति से उनकी निजी भूमि में मनरेगा, विभागीय योजना मद एवं डीएमएफ के अभिसरण से चाय पौधा रोपण कार्य किया गया है। चाय की 4 वर्षीय परियोजना से कृषकों की 95-500 एकड़ निजी भूमि में 358500 चाय पौधा रोपण किये जा रहे हैं जिससे 72 कृषक परिवार लाभान्वित होकर उन्हें स्वरोजगार मिला है, तथा अन्य मजदूर 1015 परिवारों को भी रोजगार मिलने से उनके अन्यत्र पलायन पर भी रोकने में सहायता होगी। कृषक व मजदूर वर्ग की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ जीवन स्तर में सुधार होगा तथा क्षेत्र कृषकों में चाय के खेती के प्रति रुची बढ़ी है किसानों के उत्साह को देखते हुये जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 100 एकड़ भूमि में चाय पौधा रोपण की कार्ययोजना भी स्वीकृति हेतु प्रस्तावित की गई है। जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार एवं रोजगार उपलब्ध होंगे तथा उनकी

* 1015 को रोजगार मिलने से उनके अन्यत्र पलायन पर भी रोकने में सहायता मिली
* पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है चाय बागान

आय में निरन्तर वृद्धि होगी। इसके आगामी वर्ष में 500 एकड़ भूमि में चाय पौधा रोपण एवं चाय प्रोसेसिंग युनिट स्थापना, चाय पत्ती उत्पादन, वेल्यू एडिशन व पैकिंग तथा मार्केटिंग व चाय पौधा उत्पादन रोपण स्थापना की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। जिले को वन डिस्ट्रीक्ट वन फोकस के अंतर्गत नई पहचान स्थापित होगी तथा भारत व विश्व के पटल पर छत्तीसगढ़ राज्य को भी चायपत्ती उत्पादन में सहभागिता प्रदर्शित होगी।

पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है चाय बागान जशपुर जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ी और जंगल के बीच स्थित सारूडीह चाय बागान एक पर्यटन स्थल के रूप में भी लोकप्रिय होता जा रहा है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग चाय बागान देखने पहुंचते है। यह बागान वन विभाग के मार्गदर्शन में महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। सारूडीह के सात ही सोगड़ा आश्रम में भी चाय की खेती के कारण जशपुर जिले को एक नई पहचान और पर्यटकों को घूमने का एक नया स्थान मिला है।

## 17 साल की नाबालिग से छेड़छाड़, बेलगहना पुलिस चौकी में पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।




बिलासपुर जिले के बेलगहना चौकी क्षेत्र ग्राम आमागोहन बैलेटपारा निवासी नाबालिग लड़की ने बेलगहना चौकी में शिकायत दर्ज कराई कि सुद्धू सिंह कोल ने 13 जुलाई 23 को दोपहर 01 करीब मेरे घर आया और मेरा हाल चाल पूछा तो मैं बोली की घर में अभी कोई नहीं है बोलकर मैं बाहर चली गई वह भी अपने घर चला गया दूसरे दिन 14 जुलाई 2023 के दिन करीब 11 बजे सुध्दू सिंह कोल फिर से मेरे घर आया उस समय मैं आपने घर के कमरे में थी घर में और कोई नहीं था। सुध्दूसिंह मेरे कमरे के अंदर घुस गया और मुझे पकड़ कर जबरदस्ती करने लगा मैं किसी तरह आपने आप को उससे छुड़ा कर घर से बाहर आई अपने बड़े भाई नन्द झरोखा यादव को घटना के बारे में फोन कर बताया शाम को मेरे मम्मी पापा घर वापस आये तो उन्हें घटना के बारे में बताया अतिरिक्त चौकी प्रभारी एसआई अशोक मिश्रा ने बताया कि पीड़ित नाबालिग शिकायत कराई थी कि मेरे गांव के रहने वाले सुध्दू सिंह कोल ने 14 जुलाई 2023 दोपहर 11 बजे मेरे घर में घुस कर छेड़छाड़ किया है पीड़ित और परिजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर धारा 412, 354 आपीसी पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया है।

# 17 जुलाई को छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार त्यौहार धूमधाम से मनाई जाएगी

सी–मार्ट जशपुर एवं कुनकुरी, पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के कार्यालय में उपलब्ध साथ गेड़ी

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



छत्तीसगढ़ की आबादी खेती किसानी पर निर्भर रहती है। खेती किसानी की शुरुआत के साथ हरेली तिहार मानने की परंपरा है, इस साल 17 जुलाई को छत्तीसगढ़ में हरेली त्योहार मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम त्यौहार हरेली तिहार के उपलक्ष्य पर गेड़ी चढ़ने की परम्परा रही है। इसमें राज्य के सभी बच्चें युवा व किसान भाईयों द्वारा हरेली तिहार के दिन विभिन्न प्रकार के खेलों को आयोजन किया जाता है। जिसमें से गेड़ी चढ़ना एक महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ी परम्परा रही है। इसी परम्परा एवं संस्कृति के अनुरूप जनमानस तक सहजता से गेड़ी उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समिति के माध्यम से गेड़ी तैयार कर सी–मार्ट के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। साथ ही गेड़ी कुनकुरी परिक्षेत्र तथा पत्थलगांव परिक्षेत्र के परिक्षेत्र कार्यालय में उपलब्ध है। दरअसल छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां की आबादी खेती किसानी पर निर्भर रहती है। खेती किसानी की शुरुआत के साथ हरेली तिहार मानने की परंपरा है। इस साल 17 जुलाई को छत्तीसगढ़ में हरेली त्योहार मनाया जाएगा।




इसके पीछे राज्य सरकार की मंशा छत्तीसगढ़ के लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है, ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला–संस्कृति, तीज–त्योहार और परंपराओं पर गर्व महसूस कर सकें।

# भूतेश्वर मंदिर में भाजयुमो जिला कार्यकारिणी की कामकाजी बैठक

जोहार छत्तीसगढ़–गरियाबंद।



जिले के भाजपा युवा मोर्चा जिला ने आवश्यक कामकाजी एवं एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के संबंध में और प्रदेश के आये विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में चर्चा हेतु जिला कार्यसमिति का आवश्यक बैठक भुतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शुक्रवार को संपन्न की। जिसमें प्रमुख रूप वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी रोहित माहेश्वरी, भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा नेता आशीष शर्मा, भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी विकाश मित्तल, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र साह, नंदिनी नेताम शामिल हुये प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने नवीन दायित्ववान पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों कास्वागत किया और उन्हें दायित्व के लिये बधाई देते हुए कहा कि अच्छे गुणवान कार्यकर्ता बनाना एक चुनौती है पार्टी के श्रेष्ठ कार्यकर्ता ही नींव मजबूत करते है।वही संभाग प्रभारी माहेश्वरी सहित सभी ने विभिन्न कार्य पध्दति पर व्याख्यान दिया।

### पीएससी मामले पर सरकार के खिलाफ सात सौ युवा आंदोलन में शामिल हुये

जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने अपने अध्यक्षयी उद्बोधन में नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओं को स्वागत अभिनंदन कर शुभकानाएं बधाई देते हुए पी एस सी घोटाले घेराव कार्यक्रम में गरियाबंद से 730 कार्यकर्ता शामिल होने से सभी के प्रति आभार प्रकट किया।युवा मोर्चा मौजूदा सरकार के इस घोटाले को जनता तो ले जायेगी।

### बाबा भूतेश्वर नाथ से 2024 में जीत का आशीर्वाद मांगा

सावन का पावन महिना है ऐसे में भाजयुमो बैठक पूर्व गरियाबंद स्थित विश्व के विशालतम शिव विग्रह बाबा भूतेश्वर नाथ से 2024 जीतने का आशीर्वाद मांगा। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रतिक तिवारी तोरण सागर जिला मंत्री घनश्याम मरकाम तुलसी राठौर कोषाध्यक्ष मनीष साहू प्रशिक्षण प्रमुख हेमंत साहू सोमनाथ पटेल कार्यालय प्रभारी संजू साहू सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर युवराज साहू सुजल कोठारी कन्या शक्ति संयोजिका लीना दुबे कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र पेनेरिया हर्ष यादव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुष्यंत पात्र हरिशंकर मांझी महेश कश्यप गौतम शर्मा रवि साहू कृष्णा गुप्ता मंडल महामंत्री राजा साहू रूप सिंह मरकाम राज डे मंडल उपाध्यक्ष मनीष साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### कार एवं मोटरसाइकिल के बीच हुई भिड़त, हादसे में 3 गंभीर रूप से घायल

सूचना मिलते ही पहुंचे भाजपा नेता डॉ-जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के बड़ी खबर जहां नवागढ़ और बेमेतरा के बिच धनगांव मोड़ के पास कार ने अनियंत्रित होकर 2 मोटरसाइकिल के साथ भिड़त होकर जोरदार मारी ठोकर जिसमें 3 लोग हुई गंभीर रूप से घायल जब भिड़त होंने की जानकारी मिलते ही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे ने पहुंचकर लोगों का हाल जानकर देखने आये हुए ग्रामीण जनों से मिलकर एम्बुलेंस को सूचना देकर घायल लोगों कों जिला अस्पताल भेजवाएं गये जिनमें जानकारी के अनुसार लगभग 11 से 12 बजे बीच यह घटना हुई जिनमे तीन अन्य लोगों को मामूली चोट आई बताया जा रहे है इनकी जांच में पुलिस जुट गई है ।

### जांजग सक्ती केन्द्र की बैठक लेने पहुंचे प्रभारी के रुप में-राम नरेश यादव

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा के द्वारा पार्टी प्रमुखों को तीन तीन सक्ती केन्द्रों का प्रभार सौंपा गया है। जिसके अंतर्गत बूथों में जाकर उस बूथ को मजबूत करना है सभी जिला पदाधिकारी के द्वारा 20 जुलाई तक अपने अपने शक्ति केन्द्रों में जाकर बैठक लेकर उस बूथ को मजबूत करने की जबाबदारी दी गई हैं। सक्ती ग्रामीण मंडल के जांजग सक्ती केन्द्र की बैठक लेने पहुंचे भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं सक्ती केन्द्र प्रभारी के रूप में राम नरेश सिंह यादव ने बूथ स्तर की जानकारी ली। एवं एक सप्ताह के अन्तर्गत दिये गये कार्य की पुन: समीक्षा करने पुन: बैठक की जाएगी। एवं आन्दोलन के सह प्रभारी कष्ण कुमार गबेल ने 18 जुलाई के होने वाले आन्दोलन में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता को पहुंचने की जबाबदारी दी कार्यक्रम में केन्द्र प्रभारी बालेश्वर महाराज,लखन चन्दा, एवं सभी 6 बूथ के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लखन बघेल बने प्रधानमंत्री तो उप प्रधानमंत्री बनीं मोनिका पटेल

**कोंडागाँव** ।विकास खंड कोंडागांव के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा में शनिवार को बालसंसद का गठन कर सपथ ग्रहण कराया गया। प्रधान अध्यापक शिवेन्द्र कोमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं चुनाव प्रणाली की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रत्यक्ष चुनाव करवाया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए प्रधान मंत्री के पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने अपना नामंकन भरा। चुनाव की पूरी प्रक्रिया बच्चों के सामने दिखाया गया जिसमे नामांकन से लेकर नामांकन की जांच, नाम वापसी, सभी बच्चों द्वारा मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया कराया गया। सबसे ज्यादा 15 मत लेकर लखन बघेल प्रधानमंत्री तथा 8 मत के साथ मोनिका पटेल उप प्रधानमंत्री बने। तत्पश्चात उनके द्वारा मंत्री परिषद का गठन किया गया। जिसमे चेष्टा कश्यप शिक्षा मंत्री, देवेंद्री मंडावी खेल मंत्री, के साथ साथ तुलेश मंडावी, करीना पटेल, धर्मेंद्र मंडावी, निशा पटेल, चांदनी नेताम, रोयती कश्यप को मंत्री परिषद में सामिल किया गया। सभी मंत्रियों के पुष्प हार एवं तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन के पश्चात वरिष्ठ शिक्षक सुरेश भेड़िया के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता का सपथ दिलाया गया। इस अवसर पर शिक्षिका कुसुम साहू के अलावा सभी बच्चे उपस्थित रहे।

### आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम का कोंडागांव में उत्साह के साथ किया गया आत्मीय स्वागत

**कोंडागांव** ।आदिम जाति कल्याण विभाग के नवनियुक्त मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री मोहन मरकाम का कोंडागांव में उत्साह के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री नियुक्त होने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर मसोरा से बाइक रैली निकाली गई वहीं रायपुर नाका चौक से स्थानीय विश्राम भवन तक लगातार आतिशबाजी और पुष्पवर्षा के साथ श्री मरकाम का स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने श्री मरकाम से भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# शिव मंदिर भगत तालाब में भव्यता से मनाई गई शिवरात्रि

जोहार छत्तीसगढ़–खरसिया।



सावन महिने के पावन अवसर पर खरसिया में स्थित नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भगत तालाब में शिवरात्रि का पर्व शिव परिवार द्वारा बड़े ही धूमधाम एवं भव्यवतापूर्वक मनाया गया। इस दौरान शिव परिवार द्वारा शिवरात्रि के पावन पर्व पर देवों के देव भगवान महादेव का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। शाम को भजन संध्या के पश्चात् भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गयी तथा भक्तों का प्रसाद का वितरण किया गया। विदित हो कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यधिक प्रिय है, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खरसिया के विभिन्न शिव मंदिरों में सावन शिवरात्रि के अवसर पर बडी संख्या में भगवान भोले शंकर के भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसी कड़ी में खरसिया के प्रसिद्ध भगत तालाब जो कि अपनी रंगीन मछ्लियों की वजह से पूरे छत्तीसगढ़ में मछली तालाब के नाम से प्रसिद्ध है वहां स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार द्वारा सावन मास के शिवरात्रि के अवसर पर पूरे मंदिर को फूलों एवं रंगीन झालरों से सजाया गया था। शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर भगत तालाब में भगवान शिव के भक्तों का दिन भर तांता लगा रहा। वहीं शिव परिवार द्वारा शिव मंदिर में शिवरात्री का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाते हुए भोले भंडारी का विशेष रूप से श्रृगांर किया गया तथा उन्हें बाबा बर्फानी के रूप में सजाया गया था शिव मंदिर भगत तालाब में रात्रि 7 बजे से बाबा के भक्तों द्वारा भोले शंकर एवं माता पार्वती के भजनों से बाबा को भाव विभोर किया गया। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के भक्त बाबा के भजनों पर मस्ती के साथ थिरकते दिखे वहीं रात्रि में शिव परिवार द्वारा भगवान भोलेनाथ की आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान शिवमण्ड्ल के संतोष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनदयाल अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, नारायण चक्रधारी, मनीष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, कन्हैया राठौर, राधे अग्रवाल, महिला मण्ड्ल की शकुन्तला देवी अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, नंदिनी गोयल सहित नगर के अन्य शिवभक्त उपस्थित थे।

# हरेली तिहार के दिन होगा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का शुभारंभ

छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक लेंगे भाग

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।




छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्यौहार 17 जुलाई 2023 से किये जाने का निर्णय लिया गया है। जो कुल 6 चरणों में आयोजित होगी जिसके लिए मार्गदशिका कार्ययोजना एवं नियमावली, गाईडलाईन जारी कर दिया गया है। जशपुर जिले में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के प्रथम 4 चरण जिसमें राजीव युवा मितान क्लब 17 जुलाई से 22 जुलाई 2023 तक, जोन स्तर 26 जुलाई से 31 जुलाई, विकासखण्ड नगरीय क्लस्टर स्तर 7 अगस्त से 21 अगस्त 2023 एवं जिला स्तर का अयोजन दिनांक 25 अगस्त से 4 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग 18 वर्ष से कम 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से उपर के महिला एवं पुरूष आयोजन में भाग ले सकते है। जिले में इचकेला ग्राम पंचायत के मैदान में जशपुर विधायक विनय भगत मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ करेंगे।

**इचकेला ग्राम पंचायत में जशपुर विधायक विनय भगत करेंगे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ**

जिसके संबंध में सीईओ जनपद जशपुर द्वारा युवा मितान क्लब के सदस्यों की बैठक बुला कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उद्घाटन कार्यक्रम में विभिन्न खेलो के संबंध में आवश्यक तैयारी हेतु खेल विभाग जशपुर द्वारा पीटीआई की ड्यूटी लगाई गई है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक पारंपरिक खेल में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक भाग लेंगे इसके तहत दलीय खेल में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो–खो, रस्साकसी, बाटी, कंचा और एकल खेल में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी. दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल में पुरस्कार भी प्रदान किये जायेंगे विकासखण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 1000 ,750, 500 जिला स्तर में यह पुरस्कार राशि क्रमशः 2000,1500, 1000 तथा संभाग एवं राज्य स्तर पर यह राशि 3000, 2500, 2000 एवं 5000, 4500, 4000 की पुरस्कार राशि प्रदान किया जाएगा।

# कुसमी के लोगों ने दिखाई एकता, मांगों को लेकर किया चक्काजाम, आश्वासन पर किया हड़ताल समापन

**नगर के अंदर बॉक्साइट परिवहन पर लगी रोक**

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने तथा आरोपी चालक व वाहन के नहीं पकड़े जाने से नाराज नगरवासियों ने रविवार सुबह से बॉक्साइट परिवहन में लगे ट्रकों को रोक कर चक्काजाम किया। इस दौरान जरुरी सेवाओं को बाधित नहीं किया गया।



अफसरों ने मांगों पर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया तथा 10 दिनों में सभी मांगों को पूरी करने की बात कही, तब दो घंटे में चक्काजाम को समाप्त हुआ।

**नगरवासियों के मांगों पर अमल करते हुए रविवार को ही दुर्घटना स्थल पर छोड़े गए सडक़ का डामरीकरण करा दिया गया।**

ज्ञात हो कि राजपुर – कुसमी मुख्य मार्ग पर बुधवार की रात सडक़ दुर्घटना में 40 वर्षीय कुसमी के चांदो निवासी अजय दुबे की मौत हो गई थी। वे अपनी मोटरसाइकिल पर कुसमी स्थित किराये के मकान की ओर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने अनुसार हिंडालको लिमिटेड के बॉक्साइट परिवहन में लगे अज्ञात ट्रक की ठोकर से उनकी मौत होना बताया गया। मामले में अज्ञात वाहन दुर्घटना के बाद से पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अज्ञात वाहन को पुलिस द्वारा खोजबीन किया जाना बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों को 10 लाख रूपये मुआवजा व हिंडालको के बीफार्म में स्थाई नौकरी दिए जाने की मांग रखी थीं।

नगरवासियों ने ज्ञापन में बाईपास सडक़ से कुसमी नगर के बाहर बॉक्साइट परिवहन चालू करने समेत कई मांगें की थी। उक्त मांगों पर ध्यान आकर्षित करते हुए शुक्रवार की शाम को बलरामपुर कलेक्टर रिमिजियुस एक्का व एसपी लाल उमेद सिंह कुसमी अनुभाग के अमला के साथ दुर्घटना स्थल जाकर परिस्थितियों का जायजा लिया तथा उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को सडक़ निर्माण कार्य में तेजी लाने सहित दुर्घटना स्थल पर डामरीकरण कर अव्यस्थाओं को दूर कर राहगीरों को निजात दिलाने सख्त आदेश दिए।

इसके साथ ही कुसमी तहसीलदार शशिकांत दुबे को बाईपास सडक़ से बॉक्साइट परिवहन चालू किए जाने का आदेश देते हुए कहा कि निर्मित बाई-पास सडक़ से गुजरने वाले मोड़ व पतले स्थान पर चौड़ीकरण की जाए। नपाई करके शासकीय जमीन को निकाला जाए, जिससे ट्रकों को आवागमन में परेशानी न हो एवं मुख्य – मुख्य स्थानों में सीसी टीवी लगाई जाए, जिससे वाहनों की मॉनिटारिंग भी की जा सके। रविवार तक मांगों के लिए सौंपे गए ज्ञापन का कई मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने तथा आरोपी चालक व वाहन के नहीं पकड़े जाने से नाराज नगरवासियों ने रविवार सुबह से बॉक्साइट परिवहन में लगे ट्रकों को रोक कर चक्का जाम कर दिया गया।

चक्काजाम करने बैठे नगरवासियों के बीच एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, एसडीओपी रितेश चौधरी, तहसीलदार शशिकांत दुबे, थाना प्रभारी कुसमी एसआई कोमल तिग्गा पहुंचकर तुरंत समझाइश देते हुए सभी मांगों पर कार्रवाई किए जाने का पूरा आश्वासन दिया तथा 10 दिनों में सभी मांगों को पूरी करने की बात कही तथा दो घंटे में चक्काजाम को समाप्त हुआ।

## दुर्घटना स्थल पर सडक़ डामरीकरण-चौड़ीकरण भी जारी

***नगरवासियों की मांगों पर अमल करते हुए रविवार को ही जिला प्रशासन के आदेश पर लोक निर्माण विभाग राजपुर - कुसमी सडक़ निर्माण का कार्य कर रहे ठेकेदार को निर्देश देते हुए रविवार शाम तक ही दुर्घटना स्थल पर छोड़े गए सडक़ का डामरीकरण करा दिया गया।***



# प्रदेश सरकार के वादा खिलाफी को लेकर भाजपा का हल्ला बोल

## धरना प्रदर्शन कर करेंगे एसडीएम कार्यालय का घेराव

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी का राज्य सरकार एवं स्थानीय विधायक के वादा खिलाफी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसमें पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम एवं जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल सहित प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिला प्रभारी अखिलेश सोनी, विधानसभा प्रभारी अंबिकेश केसरी शामिल होंगे।



18 जुलाई को राजपुर में स्थानीय मंडी प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दोपहर 1 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय विधायक के द्वारा किए गए वादा खिलाफी जिसमें मुख्य रूप से बिजली कटौती व बढ़े हुए बिजली के बिल, किसानों को जबरदस्ती ऑर्गेनिक खाद के नाम पर भारी लूट एवं रासायनिक खाद की अनुपलब्धता, सड़कों का खस्ताहाल, राशन दुकानों पर राज्य सरकार के द्वारा चावल में किए गए भ्रष्टाचार को आम दुकानदारों पर दबाव बनाकर पैसा वसूली सहित स्थानीय विधायक के द्वारा पिछले कुछ वर्षों में किए गए भूमि पूजन के कार्य जो अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं जिसमें खोडरो में 1 वर्ष पूर्व विद्युत सबस्टेशन की भूमि पूजन किया गया था परंतु कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया, बरियों में मिनी स्टेडियम की घोषणा राजपुर में महामाया तालाब, छठ घाट सहित पूर्णिमा पार्क बनाने के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार सामने आया है जिसको लेकर के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।इस पुरे कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री संजय सिंह को होंगे।

# नव पदस्थ एसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने बाल आरक्षकों से की मुलाकात

## एसपी से मिलकर गदगद हुए बाल आरक्षक

जोहार छत्तीसगढ़ – कुसमी।

आज पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत नियुक्त बाल आरक्षकों एवं अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से पुलिस विभाग में नियुक्त हुई महिला आरक्षकों एवं उनके बच्चों को कार्यालय में बुलाकर बैठक का आयोजन कर उनसे भेट ङ्क मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा बाल आरक्षकों से रूबरू होकर कर बारी-बारी से सभी से बात कर उनका हाल चाल लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल आरक्षकों से किस क्लाश में पढ़ाई करते हो, किस स्कुल में पढ़ते हो, स्कूल में पढ़ाई अच्छी होती है या नहीं, पिछली क्लास की परीक्षा में कितने प्रतिशत




मार्कस मिले थे आदि बातें करते हुए बाल आरक्षकों की कैरियर काउंसलिंग कर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल आरक्षकों को अच्छे ढंग से पढ़ाई करने एवं कोई समस्या आने पर सीधे उनसे सम्पर्क करने हेतु कहा गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से पुलिस विभाग में नियुक्त हुई महिला आरक्षकों एवं उनके बच्चों से भी भेंट मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल आरक्षकों को कॉपी, पेन, पेंशिल एवं अन्य पाठ्य सामाग्री देकर अच्छे ढंग से पढ़ाई करने एवं पिछली क्लाश से अधिक नंबर लाने हेतु कहा गया।

बाल आरक्षकों की बैठक के दौरान खुशनुमा माहौल में अपने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सभी बाल आरक्षक बहुत खुश हुए तथा अपने पुलिस अधीक्षक से अच्छे ढंग से पढ़ाई करने एवं पिछली क्लाश से अधिक नंबर लाने की प्रॉमिश किया गया।

**एक नजर**

# स्वास्थ्य विभाग का जांच शिविर में 147 से 16 मरीज मोतियाबिंद के मिले, होगा निशुल्क उपचार-बीएमओ

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



मोतियाबिंद मुक्त करने स्वास्थ्य विभाग अभियान चला रही है। जिसके तहत विगत दिनों सिनापाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाया गया। बीएमओ डॉक्टर सुनील रेड्डी के नेतृत्व में लगाए इस शिविर का व्यापक प्रचार कराया गया था। जिसके चलते शिविर में 274 लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे थे। नेत्र सहायक एस एन पात्र के साथ उनकी टीम ने 147 लोगों का नेत्र परीक्षण किया।जिसमे 16 लोगो में मोतियाबिंद के लक्षण नजर आए।इसके पूर्व गिरशूल में भी शिविर लगाया गया था। जिसमे 102 लोगो की जांच कर 18 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान किया गया। बीएमओ रेड्डी ने बताया की सभी मरीजों को चरण बद्ध तरीके से उपचार शुरू कर दिया गया है। आवश्यकता अनुसार इलाज जारी है। अब तक 9 लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका है। प्राथमिकता के आधार पर चिन्हकित सभी मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। लगातार नेत्र सहायक की टीम सभी मरीजों का फॉलोअप लेकर ऊपर तक रिपोर्ट भेजी जा रही है।यह शिविर लगातार लगाया जाएगा। रेड्डी ने अपील किया है की जिन्हे मोतियाबिंद के लक्षण दिख रहे है वे शिविर के अलावा देवभोग अस्पताल में आकर भी अपना परीक्षण करवा सकते हैं। शिविर को सफ ल बनाने में सेक्टर सुपरवाइजर गोपाल सूर्यवंशी,सीएचओ केतकी देशमुख, प्रियंका सिन्हा एआर सी वर्मा,के अलवा हाट बाजार क्लीनिक के डॉक्टर राम व उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का पौधा रोपण ग्राम कोरना में सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।





विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला जशपुर के आह्वान पर 1 जुलाई से 30 जुलाई तक पौध रोपण महोत्सव मनाने का निर्णय लिए गये हैं जिसमें प्रत्येक ग्राम में पौधा रोपण करना है और 1 जुलाई को इसका शुभारंभ जशपुर जिला विकास खंड कुनकुरी के लोधमा से हुआ और तब से 18 ग्राम में पौधा रोपण हो गया है इसी क्रम में विकास खंड दुलदुला के ग्राम कोरना में पौधा रोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्य करनेल सिंह प्रखंड अध्यक्ष रविकांत शर्मा प्रखंड मंत्री बबलू साय बजरंग दल प्रखंड संयोजक कौशल साय सहित सभी बजरंगी उपस्थित रहे कार्यक्रम में संघ क्षेत्र से नरेश कुमार यादव जिला शारीरिक प्रमुख, जिला जशपुर एवं ग्राम कोरना के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे पौधा रोपण में कुल 25 बरगद एवं पांच अन्य प्रकार का पौधा रोपण किया गया।

# 7 सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 नग मोबाइल, 1 नग वाईफाई व सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुनीता पार्क लाभांडी स्थित खण्डहरनुमा मकान में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी शुभम चौहान 26 वर्ष सहित अन्य 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 नग मोबाइल, 1 नग वाईफाई व सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

# पैरा में अज्ञात नवजात बच्चा मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, डायल 112 ने पहुंचाया हॉस्पिटल

## *अज्ञात शिशु के मामले में एसडीओपी मिश्रा के मार्गदर्शन में जांच जारी

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

लैलूंगा थाना के ग्राम पंचायत गहनाझरिया में पैरा में एक बच्चा मिला, ग्रामीण ने देखने के बाद 112 को डायल कर सूचना दी गई। सूचना पर 112 की स्टाप ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में भर्ती कराया गया है। बताए जानकारी अनुसार बच्चा स्वस्थ है बच्चे को डॉक्टर की देखरेख में रखा गया है। डायल 112 में आरक्षक 773 सुमित चालक 1223 कान्ति कुमार व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका सराहनीय रही। सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार किसी महिला ने नवजात शिशु को लोकलाज के भय से पैरावट में रखने की बात सामने आ रही है पूरे मामले को लेकर एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में लैलूंगा पुलिस जांच में जुट गई है। बहुत जल्दी नवजात बच्चे की शिनाख्त की जा सकती है।



# रुडूकेला पुल के पास राजधानी बस और डीजल टैंकर के बिच भिंडत, लोगों में डीजल की लूट मची

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

एक बड़ी खबर लैलूंगा कोतबा मुख्य मार्ग से आ रही है जहां लैलूंगा के समिप स्थित ग्राम रुडुकेला के पास यात्रियों से भरी एक बस और डीजल टैंकर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई वहीं इस दुर्घटना में कई यात्री घायल भी हो गए हैं।







जिन्हें उपचार के लिए लैलूंगा के अस्पताल के जाया जा रहा है। आपको बता दे दुर्घटना के बाद डीजल टैंकर फटने से आसपास के लोगों में डीजल लूटने के लिए झुमझटकी भी जारी है तथा घटना रुडुकेला के पास स्थित वेलकम पुलिया के पास की घटना है। धरमजयगढ़ एसडीओपी दीपक मिश्रा को सूचना के बाद तत्काल लैलूंगा पुलिस को मौके पर भेज कर भीड़ पर काबू पाया गया है वही पूरे घटना में थाना प्रभारी लैलूंगा का रवैया सुस्त रहा है। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। एसडीओपी की तत्परता से पुलिस समय रहते मौके पर पहुंच गई।

# स्वास्थ्य विभाग का जांच शिविर में 147 से 16 मरीज मोतियाबिंद के मिले, होगा निशुल्क उपचार-बीएमओ

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।



मोतियाबिंद मुक्त करने स्वास्थ्य विभाग अभियान चला रही है। जिसके तहत विगत दिनों सिनापाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाया गया। बीएमओ डॉक्टर सुनील रेड्डी के नेतृत्व में लगाए इस शिविर का व्यापक प्रचार कराया गया था। जिसके चलते शिविर में 274 लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे थे। नेत्र सहायक एस एन पात्र के साथ उनकी टीम ने 147 लोगों का नेत्र परीक्षण किया।जिसमे 16 लोगो में मोतियाबिंद के लक्षण नजर आए।इसके पूर्व गिरशूल में भी शिविर लगाया गया था। जिसमे 102 लोगो की जांच कर 18 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान किया गया। बीएमओ रेड्डी ने बताया की सभी मरीजों को चरण बद्ध तरीके से उपचार शुरू कर दिया गया है। आवश्यकता अनुसार इलाज जारी है। अब तक 9 लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका है। प्राथमिकता के आधार पर चिन्हकित सभी मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। लगातार नेत्र सहायक की टीम सभी मरीजों का फॉलोअप लेकर ऊपर तक रिपोर्ट भेजी जा रही है।यह शिविर लगातार लगाया जाएगा। रेड्डी ने अपील किया है की जिन्हे मोतियाबिंद के लक्षण दिख रहे है वे शिविर के अलावा देवभोग अस्पताल में आकर भी अपना परीक्षण करवा सकते हैं। शिविर को सफ ल बनाने में सेक्टर सुपरवाइजर गोपाल सूर्यवंशी,सीएचओ केतकी देशमुख, प्रियंका सिन्हा एआर सी वर्मा,के अलवा हाट बाजार क्लीनिक के डॉक्टर राम व उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।



### जिम्मेदार अधिकारियों ने साधी चूप्पी, आखिर पीड़ित को कब मिलेगा न्याय

# शासकीय सड़क मद की भूमि पर दबंगों ने बना दिया मकान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिस शासकीय सड़क मद की भूमि पर ग्रामीणों का रास्ता था उसे गांव के दबंगों ने खुलेआम कब्जा बना दिया मकान का निर्माण करा दिया जिससे ग्रामवासी आना-जाना हुआ अवरुद्ध हो गया है।




खबर जोहार

जोहार छत्तीसगढ़

दबंगों ने शासकीय सड़क मद की भूमि पर बना दिया मकान

आनाजाना हुआ अवरुद्ध शिकायत पर मुकदर्शक बने तहसीलदार

लगातार प्रकाशित खबर




पूरा मामला भैयाथान ब्लाक के हर्रापारा का है जहां के रहने वाले विजेन्द्र कुशवाहा ने राजस्व सचिव को पत्र लिखकर बताया कि उसकी स्वामित्व व आधिपत्य की पैतृक भूमि ग्राम भैयाथान हर्रापारा, प.इ.नं.13 रानिमं व तह. भैयाथान, जिला सूरजपुर छ.ग. में ख.नं. 619 / 1 रकबा 0.03 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि से लगी हुई शासकीय सड़क मद की भूमि ख.नं. 847, 425 रकबा 0.25 है. भूमि लगी हुई है। जिससे ग्रामवासी आवाजाही करते है। गांव के उग्रसेन, राजकुमार, सुरेन्द्र ने शासकीय सड़क मद की भूमि में जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया। मकान निर्माण करने के समय वह तहसील भैयाथान के समक्ष विधिवत शिकायत कर निस्तारी बंद होने पर बताया गया था। जिसका कार्यवाही विलम्ब से करने के कारण मकान निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया, हल्का पटवारी से मौका जांच कराया मौका जांच के दौरान हल्का पटवारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि ये लोग शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य किया है और निस्तारी बंद कर दिया है जिसके बाद भी तहसीलदार भैयाथान के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया बल्कि स्थगन आदेश खरिज कर दिया गया। अवैध निर्माण की जानकारी वह तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को देते रहे। जबकी हल्का पटवारी ने बेजा कब्जा के संबंध में अपना प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसके बाद भी कोई कार्यवही नहीं हुई। उक्त भूमि शासकीय सड़क मद की भूमि है, जिस पर ग्राम वासियों एवं मवेशियों का निस्तार होता है। इनके द्वारा निरन्तर कब्जा कर उस पर लगातार निर्माण का कार्य जारी रखते हुये मकान बना दिया है। अब पूर्णरूप से सड़क को बन्द करते जा रहे है जिससे ग्रामीण सहित मवेशियों का निस्तारी आवाजाही बंद होने से ग्रामीण परेशान है। तहसीलदार व एसडीएम सक्षम अधिकारियो से गुहार लगा कर बेजाकब्जा हटाने की फ रियाद की थी। लेकिन किसी तरह कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने राजस्व सचिव को पत्र लिखकर शासकीय सड़क मद के भूमि को जबरन किये गये कब्जा से बेदखली की कार्यवही कराने की गुहार लगाई है।

### भैयाथान तहसील कार्यालय व एसडीएम कार्यलाय मे अखिर कब मिलेगी लोगो को न्याय

सूरजपुर भैयाथान तहसील कार्यालय जो राजस्व प्रकरणों में न्यायालय की पहली सीढ़ी होती है दुसरी सीढी एसडीएम कार्यालय होता है और जमीन जायदाद मामलों में इंसान का पहला पाला तहसील कार्यालयों से ही पड़ता है

पर पहली सीढ़ ओर दुसरी सीढ़ी धीरे.धीरे ये भ्रष्टाचार के गढ बनते जा रहे हैं आम आदमी कागज प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाते हुए इन कार्यालयों के चक्कर काटते अक्सर देखा जा सकता है जमीन जायदाद के मुकदमे हो नामांतरण हो सामान्य नामांतरण हो या अवैध कब्जों की शिकायत हो अनाधिकृत निर्माण का मामला हो या राजस्व रिकार्ड में सुधार का मामला हो लोक सबसे पहले न्याय की आस में तहसील कार्यालय का ही चक्कर लगाते हैं परंतु यहा व्यापक भ्रष्टाचार अफसरशाही और बाबू गिरी का अक्सर शिकार हो जाते हैं हालात तो यह भी है कि छोटे.छोटे मामलों में वर्षों फैसला पेंडिंग रहता है लोगों की ऐडिया घीस जाती है न्यायालय के चक्कर लगाने में और अंत न्याय व्यवस्था पैसों की चमक आगे दम तोड़ देती है राजस्व मामलों में पटवारी कार्यालय के बाद और देश के उच्चतम न्यायालय के पूर्व तहसील न्यायालय की भूमिका सर्वोत्तम मायने रखती है क्योंकि किसी न्यायालय में पारित आदेश पंचनामा गवाही साक्ष्यो के एकत्रित करण ओर निर्मित दस्तावेज के आधार पर राजस्व मामलों के निराकरण की कवायद निम्न से लेकर उचित स्तर तक चलती है परंतु यहां आलम यह है कि वर्तमान मैं तहसील कार्यालय धन उगाही के केंद्र मात्र बनकर रह गया हैं जो धनबल के जरिए किसी के भी पक्ष में आदेश पारित कराने के लिए जाने जा रहे हैं

*कारण यह है कि यदि इन न्यायालयो से गलत आदेश पारित हो भी गया जिससे ऊपर चुनौती देने पर गलत पाया भी गया तो भी तहसील कार्यालय में बैठे अधिकारी और बाबू पर कोई कार्यवाही नहीं होती इन पर कोई प्रकण नहीं बनता यही कारण है कि यह कार्यालय निरंकुशता का पर्याय कारण बनते जा रहे हैं इन सब में पिसता आम आदमी है जो मामले आसानी से तहसील कार्यालय से ही निपटाए जा सकते हैं यह मामले धीरे.धीरे इतना वृत्त रूप ले लेते हैं कि दुनिया बदल जाती है पर मामले वहीं रहते हैं अब देखना यह की अब कब तक पीड़ित को न्याय दिलाते हे तहसीलदार और एसडीएम।*

## एक नजर

### 20 लीटर महुआ शराब सहित 1 गिरफ्तार, चौकी लटोरी पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने अवैध कार्यो एवं नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को चौकी लटोरी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सुन्दरगंज से छत्तरपुर चौक होते हुए अम्बिकापुर की ओर मोटर सायकल में अवैध शराब बिक्री करने हेतु ले जाने वाला है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित बलागर सारथी उर्फ छोटू पिता पिताम्बर सारथी उम्र 28 वर्ष निवासी कोरेया, थाना जयनगर को पकड़ा, जिसके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब कीमत 3 हजार रूपये का पाया गया। मामले में महुआ शराब व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 34;2, आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी धनंजय पाठक व उनकी टीम सक्रिय रही।

### 12 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, छाल पुलिस की कार्वाई

जोहार छत्तीसगढ़-छाल।

जिले की छाल पुलिस ने 12 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। इस मामले में विवेचना अधिकारी ने बताया कि बीते 15 तारीख को मुखबीर से सूचना मिली कि राजेश कुमार मैत्री पिता रोहित मैत्री उम्र 30 वर्ष साकिन धसकामुडा थाना छाल के द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है। जिसकी सूचना तस्दीक हेतु नोटिस तामिल कर राजेश कुमार मैत्री से उसके घर के आंगन में पूछताछ किया। जो अवैध कच्ची महुआ शराब कब्जे में रखकर बिक्री करने हेतु रखना स्वीकार किया। जिस पर राजेश कुमार मैत्री ने घर के आंगन में 02 नग पीले रंग की 5-5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी 10 लीटर एवं एक हरे रंग 02 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाटल में 02 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जैसे गंध युक्त पदार्थ कुल जुमला 12 लीटर कीमती 1200 को आरोपी के कब्जे से जब्त किया गया। उक्त अवैध कच्ची महुआ शराब जैसे गंध युक्त पदार्थ कुल जुमला 12 लीटर कीमती 1200 अपने पास रखने के संबंध में कोई वैध कागजात लायसेंस नही होना लिखकर दिया। जिसके बाद उपरोक्त मशरूका को गवाहों के समक्ष जप्त कर सील बंद कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपी राजेश कुमार मैत्री पिता रोहित मैत्री उम्र 30 वर्ष साकिन धसकामुडा थाना छाल जिला रायगढ़ का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 34;2,59;क, छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम का अपराध पाये जाने से अपराध पजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




### कोरबा इनरव्हील क्लब की नई टीम का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

**कोरबा** । कोरबा के इनरव्हील क्लब द्वारा 13 जुलाई 2023 को नए सत्र 2023-24 का आरंभ करते हुए अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यकाल पूरा करने वाली टीम ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत बैच पहनाकर किया। इस सत्र में क्लब का नेतृत्व अध्यक्ष वसंत मनोहर, सचिव साक्षी क्षेत्रपाल, उपाध्यक्ष उषा शर्मा, आईएसओ बॉबी धंजल, कोषाध्यक्ष रीता क्षेत्रपाल एवं संपादक पूजा अग्रवाल करेंगी।

## ऐतिहासिक दलपत सागर सरोवर स्वच्छता महाभियान में हरेक वर्ग के लोगों ने निभाई सहभागिता

*जनप्रतिनिधियों,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ आम नागरिकों ने स्वस्फूर्त होकर स्वच्छता अभियान में लिया हिस्सा*

**जगदलपुर।** बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण के लिए चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के हरेक वर्ग के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभायी। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के सहित महापौर श्रीमती सफीरा साहू और जनप्रतिनिधियों, नगर निगम आयुक्त श्री केएस पैकरा तथा अन्य अधिकारियों,समाजसेवी संगठनों,दलपत सागर बचाओ अभियान व इन्द्रावती बचाओ अभियान से जुड़े सदस्य, युवोदय के स्वयंसेवक, राज्य आपदा मोचन बल के कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिकों ने स्वस्फूर्त होकर साफ-सफाई कार्य में हिस्सा लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में अमूल्य योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही एकत्रित होकर हाथ से हाथ बंटाते हुए जलकुंभियों को निकालने के साथ ही कूड़े-कचरे की सफाई के लिए अनवरत भूमिका निभायी।



### दलपत सागर में जलकुंभी को समूल नष्ट करने डाले गये हैं बैक्टीरियल ई-बॉल

ज्ञातव्य है कि बस्तर की ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत एक कड़ी और जोड़ते हुए पूर्व में जलकुंभी को समूल नष्ट करने के लिए प्रायोगिक तौर पर बैक्टीरियल ई-बॉल डाले गए हैं। बैक्टीरियल ई-बॉल कैल्शियम कार्बोनेट यानि चूना का गोला है जिसमें मुख्य रूप से 14 प्रकार के बैक्टीरिया शामिल हैं। इसमें मौजूद टी-64 और टी 14 जलकुंभी एवं हाइड्रिला के जड़ को खाता है, वहीं इसमें मौजूद अन्य बैक्टीरिया जल शुद्धिकरण का कार्य करते हैं। दलपत सागर में डाले गये बैक्टिरियल ई-बॉल के कारण जलकुंभियां और हाइड्रिला सूखकर पानी में तैरने लगते हैं, जिन्हें वीड हार्वेस्टर की सहायता से पानी से निकाला जा रहा है।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में हरेली पर्व की धूम, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार हरेली को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश भर में इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज भी किया जाता है। धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मनन्द स्कूल में शनिवार को हरेली त्यौहार के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बच्चों ने हरेली त्यौहार व छत्तीसगढ़ की परंपराओं को दर्शाती मनमोहक नृत्य व अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र व कृषि औजारों की विधिवत पूजा अर्चना कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके बाद मंचासीन अतिथियों के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए सभी को हरेली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। वहींए इस दौरान बच्चों के द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्यों व अन्य कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन किसान कांग्रेस व टीएसएस अध्यक्ष घसिया राम राठिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के पुराने रीति रिवाजों को पुन: स्थापित करने की दिशा में अभूतपूर्व काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस मुहिम के कारण प्रदेश के युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक उचित मंच मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एच यू खान ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को हरेली पर्व की बधाई दी। छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार काफी महत्वपूर्ण होता है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों में से एक है। इस त्यौहार को समृद्धि व खुशहाली का प्रतीक माना जाता है।

गेड़ी दौड़ की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ओपी चौधरी की खुली चुनौती

# भूपेश बघेल जी ला गेड़ी दौड़ के चुनौती देना चाहत हन देखथन कोन पहला आथे-ओपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ियावाद पर पारा सबसे हाई हो चुका है भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ियावाद के ढोंग को एक-एक करके उजागर कर दिया है। छत्तीसगढ़ की माटी के लाल ओपी चौधरी ने यहां तक चुनौती दी है कि गिल्ली डंडा, भौंरा बाटी गेड़ी की बात करने वाले मुख्यमंत्री जब कांग्रेस का कार्यकाल चलता था तब सड़कों में कीचड़ भरे पड़े रहते थे इसके बावजूद गेड़ी में चढ़कर हम स्कूल जाया करते थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में कहा भूपेश बघेल ,ला गेड़ी दौड़ के चुनौती देना चाहत हन देखथन कोन पहला आथे। इसके बाद एक एक करके जो तथ्य ओपी चौधरी ने जो रखे वो इस प्रकार हैं। कांग्रेस ल जब अतकी साल तक मौका मिले रहीस तब ये छत्तीसगढ़ के दरद ल नइ समझिन अऊ जब भारतीय जनता पार्टी ल मौका मिलिस तब छत्तीसगढ़ के भई.बहिनी मन के दरद ल समझके छत्तीसगढ़ राज्य के गठन होइस। अऊ यही हर सही मायने में असली छत्तीसगढ़ियावाद हवे। छत्तीसगढ़ म राज्यसभा के सदस्य बनाए के जब मौका अइस तोए ए मन बिहार के माफिया पप्पू यादव के पत्नि रंजना यादव, पंजाब के टी एस तुलसी अऊ राजीव शुक्ला ल बनाइस। हमर छत्तीसगढ म करीब 3 करोड़ छत्तीसगढ़िया भई बहिनी के जनसंख्या म कांग्रेस लए भूपेश बघेल ल एक्को झीन ल राज्यसभा सदस्य बनाए बर नइ मिलिस। का इला कथे छत्तीसगढ़ियावाद, 50 साल तक छत्तीसगढ़ ल कांग्रेस हर एको रच बढ़न नइ दिस। छत्तीसगढ़ ले जम्मों सम्पदा हर जावत रहिस। बैलाडीला पहाड़ ले लौह अयस्क ह जाए। लेकिन इहां विकास हर नई होवत रहीस।

कोरबा म बिजली बनत रहीस लेकिन जम्मों तरफ अंधियार ही अंधियार रहे। हमर छत्तीसगढ़ के अमीर भुइयां के आदमी मन ल गरीब बनाए के पाप अगर कोई करे आहे तो वो हर सिर्फ अऊ सिर्फ कांग्रेस हर करे हे। 15 साल म जब भी भारतीय जनता पार्टी ल मौका मिलीस तए राज्यसभा सदस्य बर, हर बार छत्तीसगढ़िया भई बहिनी मन ल ही राज्यसभा के सदस्य बनाइन। एला कथें छत्तीसगढ़ियावाद। एक साथ 3 झन छत्तीसगढ़िया मन ल पद्मश्री के पुरस्कार मिले हवे, तो ये काम ल अगर कोई करे हे तो वो सिर्फ अऊ सिर्फ केंद्र के नरेंद्र मोदी जी के सरकार हर ही करे हे। पिछले 50 साल के कांग्रेस के कार्यकाल में आज तक अइसे नइ होईस हे की 1 साल में 3 झन ल पद्मश्री पुरस्कार मिले हे। छत्तीसगढ़ बोली ल अगर राजभाषा के दर्जा कोई हर दिलाये के काम करिस हे त वो हर भाजपा सरकार हर ही करे हावे अऊ छत्तीसगढ़ ल अगर बर्बाद करे के अगर कोई काम करे हे त वो भूपेश बघेल हर करे हे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के 4.5 साल के कार्यकाल में एमन अभी तक राजभाषा आयोग के अध्यक्ष के नियुक्ति नी करे हें। छत्तीसगढ़ियावाद के सिर्फ और सिर्फ ढोंग करत हे एमन।

## पैरावट में मिले अज्ञात नवजात बच्चा का हुआ शिनाख्त

एसडीओपी मिश्रा के मार्गदर्शन में बच्चे की माँ की हुई पहचान



जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

लैलूंगा थाना के ग्राम पंचायत गहनाझरिया में पैरा में एक बच्चा मिला, ग्रमीण ने देखने के बाद 112 को डायल कर सूचना दी गई थी सूचना पर 112 की स्टाप ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा में भर्ती कराया गया था एसडीओपी के मार्गदर्शन में लैलूंगा पुलिस ने बच्चे की शिनाख्ती के लिए पड़ताल कर रही थी । सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला ने नवजात शिशु को लोकलाज के भय से पैरावट में रखने की बात सामने आ रही है । पुलिस को शिनाख्ती पहचान में पता चला कि बच्चे की माँ गहनाझरिया की है चुकी महिला के उम्र संबंधित पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिलने के कारण पुलिस पुरा खुलासा नहीं कर रही है।

> "लैलूंगा में मिले अज्ञात बच्चे को बाल संरक्षण समिति के माध्यम से रायगढ़ अंकुर हॉस्पिटल भेज दिया गया है वही माता का मितानीन के देखरेख में हॉस्पिटल में उचित उपचार किया जा रहा है । बच्चा और माँ दोनों स्वस्थ है
>
> दीपक मिश्रा,
> एसडीओपी धरमजयगढ़

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in